तापमान

अधिकतम 34.7 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




दिन में गर्मी और उमस के कारण लोगों को बेहाल होना पड़ा, लेकिन शाम को झमाझम बारिश से मौसम पूरी तरह से सुहाना हो गया।


2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### श्री वेंकटेश चिकित्सालय में निःशुल्क परामर्श आज

**बिलासपुर**। मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट द्वारा निः शुल्क धर्मार्थ चिकित्सालय वेंकटेश परिसर सीपत चौक सरकंडा में 20 जुलाई रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9. 30 बजे से दोपहर 12.30 तक रहेगा। इसमें डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ.अरिहंत जैन अपनी सेवाएं देंगे।

### ओयू की प्री बीएड-डीएलएड प्रवेश परीक्षा आज

**बिलासपुर**। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-बीएड, प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई रविवार को आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा दो पालियों में होगा, जिसमें पहले पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12. 15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। प्री-बीएड, प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 96 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें बिलासपुर जिले में 22 है। प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा 33 केन्द्रों में होगी, जबकि प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 94 केन्द्रों में होगी। प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा में 40559 परीक्षार्थी एवं प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा में 14204 परीक्षार्थी शामिल होंगे। ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से इस परीक्षा के लिए आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### पीजी में प्रवेश लिए सेकंड राउंड रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिलासपुर**। अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण का आनलाइन रजिस्ट्रेशन शनिवार से शुरू हो गया है। द्वितीय चरण का रजिस्ट्रेशन 26 जुलाई तक होगा, उसके बाद 28 जुलाई को मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए 7 जुलाई से यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू हुआ था, जिसकी अंतिम तिथि 16 जुलाई थी। इसमें जितने छात्र-छात्राएं आनलाइन रजिस्ट्रेशन, फार्म भरे थे, उनकी कालेजों द्वारा मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को निकाली गई थी और 22 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। आज से द्वितीय चरण का आनलाइन रजिस्ट्रेशन यूनिवर्सिटी के पोर्टल में चालू हो गया है। 26 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन होगा और उसके बाद 28 जुलाई को कालेजों द्वारा लिस्ट निकाली जाएगी।

### सत्संग भवन में निरंकारी महिला संत समागम आज

**बिलासपुर**। संत निरंकारी मिशन शाखा बिलासपुर में सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से बहन सरिता झारखंड के सानिध्य में 20 जुलाई रविवार को प्रातः 11 से 2 बजे तक सत्संग भवन इमलीपारा में जोन-स्तरीय एक दिवसीय निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन किया गया है। समागम में बिलासपुर जोन के कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, पेण्ड्रा, बिल्हा, चकरभाठा, अम्बिकापुर, पत्थलगांव से महिलाएं शामिल होंगी। सत्संग के साथ ही नाटक, स्क्रीट, गीतों व नृत्य द्वारा परमात्मा के ज्ञान की सिखलाई भी देगें। अंत में गुरू प्रसाद लंगर की भी व्यवस्था की गई।

# निजी अस्पतालों के दलालों का स्वास्थ्य केन्द्रों पर कब्जा

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

**कमीशन की आड़ में चल रहा गोरखधंधा**

- 10 से 25 फीसदी का कमीशन ले मरीजों को भेज रहे निजी अस्पताल
- प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के डाक्टर से लेकर स्टाफ तक पहुंच रहे दलाल

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है, मरीजों लंबी लाइन, घंटों जांच का इंतजार और बदहाल चिकित्सीय सुविधाओं का डर दिखा निजी अस्पतालों के दलाल उन्हें आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग डाक्टर और स्टाफ भी मोटे कमीशन के चलते उन्हें मजबूर कर रहे हैं। हरिभूमि की टीम के पास ऐसे दलालों की विडियो और फोटो उपलब्ध है, जो अस्पताल में घुमकर डाक्टरों से संपर्क साध रहे हैं।

निजी अस्पताल का शिकंजा अब प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक पहुंच चुका है, जिसकी गिरफ्त में मरीज ना चाह कर भी फंस रहा है और मरीजों को फंसाने में स्वास्थ्य केन्द्रों के डाक्टर और स्टाफ शामिल हो रहे हैं। बदले में इसके निजी अस्पतालों के द्वारा 10 से 25 फीसदी का कमीशन देने का वादा किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस काम के लिए दलाल मितानिन, आरएमए, फार्मसिस्ट और डाक्टर सहित कर्मचारियों से संपर्क करते हैं, केन्द्र में रोजाना मरीजों को बैठकर काउंसिलिंग कर निजी अस्पताल ले जा रहे है। खास बात यह है कि केन्द्र के प्रमुख अधिकारियों के सामने यह काम हो रहा है और इनपर लगाम नहीं लग रही है। मामला मस्तूरी स्वास्थ्य केन्द्र का है, जहां शनिवार को शहर के बड़े निजी अस्पताल के दो दलाल अलग-अलग जगहों पर बैठकर पहले मितानिनों को कमीशन का पाठ पढ़ा रहे थे, वहीं ओपीडी में पहुंचकर एक-एक कर मरीजों को अपने अस्पताल का पर्ची थमा रहे थे, इस दौरान मरीज द्वारा अपनी पीड़ा बताने पर उन्हें बेहतर और इलाज का झांसा भी दे रहे थे। आयुष्मान कार्ड में भरोसे सारा काम फ्री में होने का दावा कर रहते हुए, केन्द्र से मरीज को फ्री में निजी अस्पताल ले जाने तक की बात भी दलालों के द्वारा की जा रही है। जिस जगह पर दलाल सक्रिय हो रहे हैं, वह पूरा अस्पताल परिसर है, जहां सरकारी डाक्टर बैठकर मरीजों का इलाज कर रहा है, दलाल परिसर में घुसकर ओपीडी से मरीजों को बरगला रहे हैं।



मस्तूरी स्वास्थ्य केन्द्र की पुरानी बिल्डिंग को बिना ग्रीन नेट व सुरक्षा के तोड़ा जा रहा है। बारिश के पानी के कारण परिसर टापू बन चुका है।



ओपीडी में बैठा निजी अस्पताल का दलाल।

### की जाएगी कार्रवाई

सरकारी अस्पतालों में अस्पताल परिसर के अंदर निजी अस्पतालों की दखल बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। इसपर तत्काल नियंत्रण लगाने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके बाद भी ऐसी स्थिति सामने आने पर स्वास्थ्य अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ वंदना सिसोदिया**
संयुक्त संचालक
स्वास्थ्य विभाग

### अस्पताल को बना दिया प्रयोगशाला

मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माणधीन है, पुरानी बिल्डिंग को ढहाने का काम जारी है, लेकिन इसके लिए सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बिना ग्रीन नेट के पुरानी बिल्डिंग को ड्रिलिंग की मदद से तोड़ा जा रहा है, धूल और गर्दे से मरीजों के स्वास्थ्य पर ही विपरीत असर पड़ रहा है। वहीं मलबे के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है, बारिश होते ही पूरा परिसर ही तालाब सा नजर आने लगता है। इस दौरान लोगों को केन्द्र जाने में दिक्कत होती है, मरीजों को पगड़ंडियों के सहारे केन्द्र तक पहुंचना पड़ता है, यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल है कि गंभीर मरीजों किस तरह अस्पताल में दाखिल हो सकते हैं।

### गोबर और बदबू से सामना

खास बात यह है कि नई बिल्डिंग हाल ही में बनाई गई है, कलेक्टर,संयुक्त संचालक, सीएमएचओ और अन्य आला अधिकारी स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा कर चुके हैं, लेकिन नई बिल्डिंग के गलियारे पान और गुटखे के थूक से रंगे हैं। वहीं परिसर में मवेशियों के गोबर और बदबू मरीजों का सामना हो रहा है। कहा जा सकता है मरीजों का स्वास्थ्य सुधारने वाला केन्द्र खुद में बीमार का प्रतीत हो रहा है।

## ढेका में बन रही 2 किमी की सड़क में जमकर मुआवजे का खेला गया खेल

# मुआवजा लेने खेतिहर जमीन को वर्गफीट में बांटा खसरा, रकबा, बटांकन नंबर भी दर्ज कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर के ढेका ग्राम पंचायत में बन रही 2 किमी की सड़क में जमकर मुआवजे का खेल खेला गया। शासन द्वारा जमीन अधिग्रहण की जानकारी मिलने के साथ ही जमीन दलाल और कुछ शासकीय कर्मचारी सक्रिय हो गए। जिन किसानों की जमीन सड़क के लिए अधिग्रहित की जानी थी उनसे संपर्क किया गया। एक जमीन जिसका मुआवजा एकड़ में दिया जाना था उसे 4 से 5 भाग में बांटा गया और डिसमिल के साथ ही वर्गफिट में मुआवजे की रिपोर्ट तैयार की गई। इसी कारण कुल 24 किसान जो की वास्तविक में मुआवजे के हकदार थे उनकी जगह किसानों की संख्या बढ़कर 76 हो गई। इसी कारण जहां साढ़े तीन करोड़ रुपए मुआवजा बांटा जाना था वह बढ़कर 15 करोड़ तक पहुंच गया। एनएचएआई के अधिकारियों ने इस पर आपत्ति भी जताई थी। आपत्ति के बाद जांच रिपोर्ट को राजस्व विभाग को भेजा गया था और मुआवजा वितरण फिलहाल रोक दिया गया है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर-उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग - 130 ए का निर्माण किया जा रहा है। 1,520 करोड़ रुपए की इस परियोजना का काम वर्ष 2022 में शुरू हुआ था और इसे 2025 जून तक पूरा किया जाना था लेकिन इसमें देरी हो रही है। बिलासपुर के ढेका गांव से उरगा तक 70 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना का काम फिलहाल ढेका में आधा किलोमीटर की भूमि पर बटांकन विवाद के चलते रुका हुआ है। इस सड़क निर्माण के लिए 2017-18 में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई थी।



एक महीने में बनी 150 से अधिक फर्जी ऋण पुस्तिका, सभी जमीनों का बटांकन भी एक ही दिन, मुआवजा राशि साढ़े तीन करोड़ से 15 करोड़ तक पहुंची

70 किलोमीटर की सड़क समय पर बन गई, बटांकन विवाद के कारण दो साल से रुका है आधा किलोमीटर का काम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर

### 30 प्रतिशत कमीशन पर हुआ पूरा खेल

हरिभूमि ने इस मामले में ढेका के कुछ किसानों और भूस्वामियों से बात की। इनका कहना है कि परियोजना के शुरू होने की जानकारी मिलते ही जमीन दलालों ने एग्रीमेंट कर कम कीमतों में जमीन खरीदी। इसका भुगतान भी नहीं किया। अधिग्रहण के बाद मुआवजा राशि में मिलने पर बकाया देने का वायदा किया लेकिन, आज तक उन्हें कुछ नहीं दिया गया। फर्जी तरीके से कई लोगों के नाम पर एक ही जमीन के टुकड़े किए गए जबकि उक्त लोगों का इस क्षेत्र से कोई वास्ता नहीं है। पूरा खेल 20 से 30 प्रतिशत कमीशन पर खेला गया। एक किसान की एक एकड़ जमीन के लिए 4 गांव के ही चार लोगों को तैयार किया गया। इनके नाम 25-25 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री की गई। इससे की मुआवजा एकड़ की जगह वर्गफीट में मिले। खरीददारों को कहा गया कि जो भी मुआवजा मिलेगा उसका 30 प्रतिशत दिया जाएगा। बाद में जमीन असली किसान के पास वापस भी बेच दी जाएगी। कई किसान इसके लिए राजी भी हो गए तो कुछ ने मना कर दिया।

लगातार आपत्ति के बाद जांच जारी, किसानों को मुआवजा वितरण फिलहाल रोक दिया



### विस्तृत जांच जारी

जांच में कई गड़बड़ी पाई गई है। मूल खसरे को संबंधित भूमि स्वामी द्वारा बंटवारा किए जाने से छोटे-छोटे भू खण्डों में विभाजित हुआ। बंटवारा होने से अवार्ड के मुआवजा राशि में वृद्धि हुई है। इसी आधार पर एफआईआर कराई गई है। विस्तृत जांच जारी है।

**- मनीष साहू**, एसडीएम
भू-अर्जन अधिकारी

### शासन को उठाना पड़ा आर्थिक नुकसान

मुआवजे की रकम हड़पने के लिए गिरोह ने इस गिरोह ने पूरी साजिश रची। किसानों के रिश्तेदारों और परिचितों के नाम पर जमीन का बटांकन करते हुए ऋण पुस्तिका बनाई गई। खास बात है कि सभी जमीनों का बटांकन एक ही दिन 23 अक्टूबर 2017 को किया गया। इसके आधार पर नामांतरण और बंटवारे की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके कारण भूमि अधिग्रहण में वास्तविक से अधिक मुआवजा राशि की गणना हुई। इस गड़बड़ी के कारण शासन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और वर्तमान में प्रकरण लंबित होने के चलते मुआवजा वितरण नहीं हो सका है। नायब तहसीलदार की शिकायत पर तोरवा पुलिस ने आईपीएसी की धारा 420, 34, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### एक ही परिवार के हुए 10 से अधिक टुकड़े

इस मामले में गड़बड़ी की शिकायत पर जब प्रारंभिक जांच हुई तो कई मामले सामने आए। यहां तक कि कुछ स्थानीय अधिकारियों ने बैक डेट में जाकर दस्तावेजों में गड़बड़ी की और वास्तविक जमीन मालिक को नुकसान पहुंचाया। यह नहीं ग्राम ठेका के एक परिवार के पास 3 एकड़ जमीन थी। वहीं जमीन सर्वे होने और अधिग्रहण के ठीक कुछ दिन पहले एक ही परिवार के 10 लोगों के नाम पर बांट दी गई और अधिक मुआवजे का प्रकरण बना दिया। इस घोटाले में जमीन दलाल से लेकर पटवारी और आरआई की भूमिका संदिग्ध मिली है। यही नहीं बाकायदा सभी में जमीनों के खसरे नंबर, उनका रकबा, उनका बटांकन नंबर भी दर्ज कर दिया। यहां तक की सील और साइन भी फर्जी लगाए गए।




# पीछा कर कार सवार दो युवकों को पकड़ा, 284 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर**। एसीसीयू की टीम ने रायपुर रोड से पीछा करते हुए रेलवे क्षेत्र में घेराबंदी कर कार सवार दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास 284 किलो गांजा मिला है। जब्त कार व गांजा की कीमत 35 लाख रुपए बताई जा रही है।

एसएसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली रायपुर रोड से कार में बड़ी खेप में गांजा लाया जा रहा है। एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम के प्रभारी एडीशनल एसपी अनुज कुमार, सीएसपी निमितेश सिंह, राहुल सिंह, प्रेम सूर्यवंशी, रवि यादव, महादेव कुजूर, अविनाश कश्यप एव अन्य रायपुर रोड भोजपुरी टोल प्लाजा के पास तैनात हो गए। इसी दौरान रायपुर की ओर सफेद रंग की अर्टिगा क्रमांक सीजी 04 ओसी, 4577 आती नजर आई। टोल प्लाजा पार करने के बाद टीम गाड़ी के पीछे लग गई। कार सकरी ओवरब्रिज पार करते हुए कोनी तुर्काडीह चौक पर रास्ता भटककर शहर के अंदर घुस गई। शहर के रास्ते हुए कार गुरूनानक चौक की ओर जा रही थी और एसीसीयू टीम उसके पीछे लगी थी।

इसी दौरान तोरवा पुलिस को सूचना देकर जगमल चौक के पास घेराबंदी कर दी गई। चौक पर बड़ी संख्या में पुलिस को देखकर कार सवार गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान एसीसीयू टीम ने कार सवार दो युवकों को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 284 किलो गांजा, 3 मोबाइल मिला। टीम ने गांजा सहित कार व युवकों को कार्रवाई के लिए तोरवा पुलिस को सौंप दिया। जब्त गांजा, कार व मोबाइल कीमत 35 लाख रुपए बताई जा रही है। तोरवा पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 20 बी, 2 सी के तहत गांजा जब्त कर युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से गांजा के संबंध में पूछताछ कर एण्ड टू एण्ड कार्रवाई करने में लगी हुई है।



पकड़े गए आरोपी

- गजेन्द्र गोस्वामी उर्फ बिट्टू पिता द्रोणाचार्य गोस्वामी 26 साल देवधरा मंडला मध्य प्रदेश
- नयन कुमार पिता कृष्ण कुमार 25 साल महता घनसौर शिवनी मध्य प्रदेश

### रास्ता भटकने से पकड़े गए

आरोपी ओडिशा से गांजा खरीदकर रायपुर होते हुए रतनपुर मार्ग से मध्य प्रदेश लेकर जा रहे थे, किन्तु कोनी तुर्काडीह चौक में युवक रास्ता भटक गए और कार रतनपुर की ओर मोड़ने की बजाए कोनी की ओर मोड़ दिए। उन्हें यह भी भनक लग गई थी पुलिस उनका पीछा कर रही है। शहर के अंदर घेराबंदी में फंसकर पकड़े गए।

### सिरगिट्टी में एण्ड टू एण्ड कार्रवाई नहीं हुई

18 मई को एसीसीयू टीम ने सिरगिट्टी क्षेत्र में दबिश देकर मुंगेली सेमरचुआ निवासी लक्ष्मी पटेल, संजय गढ़ेवाल को पकड़कर 20 किलो गांजा बरामद किया था। पूछताछ में दोनों ने बलौदाबाजार कसडोल के मुख्य सप्लायर गांजा बिक्री करने के लिए भेजना बताया था। मजेदार बात यह है कि 2 माह बाद भी पुलिस मुख्य सप्लायर को नहीं पकड़ पाई है।

## दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने का सिस्टम ही अपंग, सामान्य बच्चों के बीच बैठकर न तो इनकी पढ़ाई हो रही है और न ही हालात बदल रहे

# 70 हजार दिव्यांगों को पढ़ाने चाहिए 6 हजार शिक्षक, प्रदेश में 270 की ही नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एक साल पहले 100 पदों पर भर्ती का बनाया था प्रस्ताव इस पर भी अमल नहीं

छत्तीसगढ़ में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। हालात ऐसे हैं कि 350 बच्चों के लिए सिर्फ एक ही शिक्षक उपलब्ध है। आकड़ों की बात करें तो प्रदेश में 70 हजार से ज्यादा दिव्यांग बच्चे बताए जा रहे हैं। इन्हें पढ़ाने के लिए सिर्फ 270 शिक्षकों की ही व्यवस्था है। एक साल पहले 100 विशेष शिक्षकों की भर्ती के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी है। स्कूलों में भी बच्चों को सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं हैं। वर्तमान में यह व्यवस्था बना दी गई है कि सामान्य स्कूलों में ही बैठाकर इन बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। हकीकत यह है कि इन स्कूलों में सामान्य बच्चों के बीच बैठकर न तो इनकी पढ़ाई हो रही है और न ही इन बच्चों के हालात बदल रहे हैं। बिलासपुर जिले में 6 हजार से ज्यादा दिव्यांग बच्चे हैं, इन्हें पढ़ाने के लिए सिर्फ 10 शिक्षकों की व्यवस्था की गई है।



देखा जाए तो नियमानुसार प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 10 दिव्यांग बच्चों के लिए 1 शिक्षक और माध्यमिक व हायर स्तर पर पढ़ने वाले 15 बच्चों के लिए एक शिक्षक होना चाहिए। लेकिन यहां तो 350 बच्चों के लिए एक शिक्षक ही है। यह शिक्षक भी सिर्फ 4-5 स्कूलों को कवर कर पाते हैं क्योंकि स्कूलों की दूरी ज्यादा होती है। ऐसे में सभी जगह पर जाना संभव नहीं है। आकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में 70 हजार से ज्यादा दिव्यांग बच्चे हैं। इनके लिए लगभग 6 हजार विशेष शिक्षक होने चाहिए। लेकिन वर्तमान में महज 160 बीआरपी और 110 विशेष शिक्षक हैं। यानि 350 बच्चों की जिम्मेदारी 1 शिक्षक पर है। बिलासपुर के करीब 6 हजार बच्चों के लिए 5 बीआरपी और 5 विशेष शिक्षकों की जरूरत है लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### डेढ़ करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत

सालभर पहले ही समग्र शिक्षा मिशन की ओर से स्कूलों को पत्र लिखा गया था। जिसमें दिव्यांग बच्चों के लिए 100 शिक्षकों की भर्ती करने की बात कही गई थी। इसके लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत किया जा चुका है। लेकिन भर्ती नहीं होने की वजह से बच्चों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। कुछ नए पदों पर बतौर संविदा नियुक्ति भी की गई है लेकिन सालों से इनका संविलियन नहीं किया जा रहा तो नियमित भी यह शिक्षक नहीं हो पा रहें हैं। शिक्षक संघ का कहना है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकासखंड स्तर पर कुल 240 बीआरपी समावेशी समन्वयक एवं विशेष शिक्षक विगत 14 से 18 वर्षों से कार्यरत हैं। इनमें से लगभग 107 साथी ऐसे हैं जिन्होंने विगत 14 से 15 साल तक सेवा देते-देते दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करते-करते उनकी उम्र 50 वर्ष से भी अधिक हो चुकी है।

### हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी लगा चुके हैं फटकार

गौरतलब है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षकों की नियुक्ति के आदेशों का पालन नहीं करने पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसके 2021 के फैसले के बावजूद किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऐसे स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां नहीं कीं। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने का दावा करने वाले 17 शिक्षकों द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिकार को सफल बनाने के लिए बच्चों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद करने हेतु प्रत्येक स्कूल में योग्य पेशेवरों की नियुक्ति आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चयन और नियुक्ति केवल योग्य, सक्षम या पात्र शिक्षकों का ही किया जाना चाहिए।

# नशे के खिलाफ महिलाओं ने गांव में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

ग्राम पंचायत परसाही में एक ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला, जब गांव की महिलाएं नशे के विरुद्ध एकजुट होकर सड़कों पर उतर आईं। गांव को नशामुक्त बनाना है, नशे पर पाबंदी लगाओ जैसे नारों के साथ महिलाएं और बच्चे गांव की गलियों में रैली निकाल कर नशामुक्ति का संदेश दिया।



रैली में शामिल महिलाएं।

इस रैली की विशेष बात यह रही कि इसमें सिर्फ युवा महिलाएं ही नहीं, बल्कि बुजुर्ग महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे भी पूरी तन्मयता से शामिल हुए। यह रैली न केवल एक सामाजिक आंदोलन थी, बल्कि यह संदेश भी दे रही थी कि अब गांव के लोग नशे को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। महिलाओं के इस जनजागरण अभियान में सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी स्वयं शामिल हुए और कहा कि परसाही की मातृशक्ति ने जो संदेश दिया है, वह पूरे सीपत क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। हम पुलिस प्रशासन की ओर से आश्वस्त करते हैं कि किसी भी हालत में गांव में नशे का कारोबार नहीं पनपने दिया जाएगा। इस अभियान में एएसआई भारत सिंह मरकाम, कौशल वस्त्रकार, मनहरण सिंह ठाकुर, लक्ष्मण चंद्रा, अमीर अंचल, गायत्री, पवन कुमार धनुहार सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे। महिलाओं में प्रमुख रूप से बालेश्वर पाटनवार, धनदास महंत, कैलाश गोस्वामी, शिवचंद यादव, राधेश्याम विश्वकर्मा, मंगल सिदार, श्याम मंहत, कविता गोस्वामी, मनीषा पाटनवार, कृष्णा बाई मंहत, प्रभा महंत, उदबासा यादव, परमेश्वरी सिदार, रानी गोस्वामी, रनिया मंहत, शुक्रिता सिदार जैसी जागरूक महिलाएं शामिल रहीं।

# जर्जर सीपत-बलौदा मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू

**सीपत।** जिले की बहुप्रतीक्षित सीपत-बलौदा सड़क पर अब लोगों के लिए राहत की शुरुआत होती दिख रही है। आखिरकार कलेक्टर संजय अग्रवाल की सख्ती के बाद वर्षों से बदहाल पड़ी इस सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हुई। शुक्रवार सुबह से लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर अस्थायी मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया।

- प्रशासन की सख्ती और मीडिया के प्रयासों से जागा विभाग

बता दें कि सीपत से लेकर कुली के लीलागर नदी तक की लगभग 14 किलोमीटर लंबी यह सड़क भारी वाहनों के दबाव और लंबे समय से रख-रखाव के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। स्कूली बच्चों, व्यापारियों और दरगाह लुतरा शरीफ जाने वाले जायरीन को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा था। बुधवार को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता सीएस विंदयराज को दो टूक कहा था कि कम से कम इतनी मरम्मत तो कर दो कि लोग चल सकें। इसके बाद विभाग हरकत में आया और शुक्रवार को खांडा के कोलवाशरी मोड़, धनिया के भौराडीह चौक, तथा लीलागर नदी क्षेत्र में जेसीबी व डंपर की मदद से गड्ढों की अस्थायी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने मरम्मत कार्य पर संतोष जताया है, लेकिन वे अब भी इस बात को लेकर आशंकित हैं कि कहीं यह सिर्फ खानापूर्ति न साबित हो। जनता को उम्मीद है कि इस बार प्रशासन की सख्ती और मीडिया की पैनी नजर से यह मुद्दा केवल अस्थायी कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सीपत-बलौदा मार्ग की हालत में स्थायी सुधार देखने को मिलेगा।




BEST EDUCATION IN BILASPUR Admission Open

विद्यालय वह स्थान है जहां एक बच्चे के भविष्य की नींव रखी जाती है। यह केवल एक पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि एक ऐसा मंच होता है जहां बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। जहां बच्चे अनुशासन, ज्ञान, नैतिकता और सहयोग जैसे मूल्यों को सीखते हैं।



विद्यालय हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें न केवल पाठ्य पुस्तकों का ज्ञान देता है, बल्कि सही-गलत की समझ, आचार-विचार, और सामाजिक व्यवहार भी सिखाता है। विद्यालय में मिलने वाली शिक्षा जीवन की दिशा निर्धारित करती है।

विद्यालय के शिक्षक माता-पिता के बाद हमारे सबसे बड़े मार्गदर्शक होते हैं। वे हमें न केवल विषयों का ज्ञान देते हैं, बल्कि हमें अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं।

विद्यालयों में आजकल स्मार्ट क्लास, खेलकूद, संगीत, कला, कंप्यूटर, और नैतिक शिक्षा जैसी अनेक गतिविधियाँ भी चलाई जाती हैं।

एक अच्छा विद्यालय साफ-सुथरा, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण वाला होता है। वहां पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेल, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय और सांस्कृतिक गतिविधिया भी होती हैं, जो उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद करती हैं।

विद्यालय जीवन का पहला सोपान होता है। यहां जो ज्ञान और अनुभव मिलते हैं, वे जीवन भर साथ रहते हैं। हमें अपने विद्यालय पर गर्व करना चाहिए और वहां जो भी सीखें, उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। विद्यालय एक मंदिर है, जहां विद्या रूपी देवी की पूजा होती है।

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शहर बिलासपुर के प्रतिष्ठित स्कूलों में नये सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके है। अभिभावकों एवं छात्रों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि अपने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास प्रदान कर सके।









हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




जयंती

## जयंती पर याद किए गए डॉ. बघेल, दी पुष्पांजलि



**बिलासपुर।** डॉ खूबचंद बघेल जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर डॉक्टर खूबचंद बघेल सेवा समिति द्वारा डॉ बघेल चौक नूतन कालोनी सरकंडा में मनाई गई। पुष्पांजली देने हर वर्ग के लोग एकत्र हुए वही मुख्य अतिथि में अनिल टाह, डॉ एल सी मढ़रिया, डॉ विनोद तिवारी,प्रदीप कौशिक,लक्ष्मी कुमार गहवाई, डॉ शारदा कश्यप, लता राठौड़ तानसेन चंद्रवंशी रहे। अनिल टाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ बघेल के सपनों का छत्तीसगढ़ में हम सब निवास रत हैं। उनकी दूर दृष्टिता जिन्होंने छत्तीसगढ़ निर्माण का प्रथम सपना देखा था। गौरव की बातें की जन्म उनकी जन्म व कर्मस्थली में हम सब जन्म लिए हैं। डॉक्टर मढ़रिया उनके कृतित्व व ब्यक्तित्व के साथ जीवन परिचय पर प्रकाश डाले। प्रदीप कौशिक ने कहा कि उन्होंने जीवंत परियांत छत्तीसगढ़ के अंतिम पंक्ति के लोगों की लड़ाई लड़े। कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कौशिक ने डॉ बघेल की प्रतिमा स्थल पर स्टील सीढ़ी बनवाने हेतु घोषणा किये। डॉ शारदा कश्यप ने अपने उद्बोधन में बिलासपुर के तिलक नगर के अपने निवास में बिताए उनकी स्मृतियों पे जानकारी दी, उनकी सहजता सादगी पर विचार रखी। वही सर्व सम्मति से उपस्थित अंचल के लोगों ने छत्तीसगढ़ के स्वप्न दृष्टा डॉ खूबचंद बघेल जी को पद्मभूषण सम्मान देने की मांग माननीय राज्यपाल को कलेक्टर के माध्यम से विज्ञापन हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम

## महिला स्वावलंबन प्रदर्शनी में बस्तर छत्तीसगढ़ी आर्ट की झलक



**बिलासपुर।** लायंस क्लब स्माइल और गुलदस्ता फाउंडेशन के द्वारा सक्षम महिला स्वालंबन के तहत तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लायंस क्लब के रीजन 4 के रीजन चेयरपर्सन लायन बी महेश एवं जोन चेयरपर्सन डॉ आराधना ने दीप प्रज्वलन प्रचलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र पर कुछ ना कुछ प्रतिभाशाली होती हैं प्रतिभाओं का लाने का मकसद ही इस फाउंडेशन और संस्था का है यह सेवा कार्य 5 - 6वर्षों से अनवरत जारी है, यह प्रदर्शनी उद्योग भवन में संस्था के द्वारा कुल 20 स्टॉल लगाया गया है। जिसमें रेसिंग आर्ट, बस्तर आर्ट छत्तीसगढ़ी पोशाक लुगरा जेवर हैंडमेड बैग,बनारसी शिफॉन कॉटन की साड़ी, बुटीक साड़ियां राजस्थानी पोशाक ज्वैलरी लीमिटेशन ज्वेलरी, लड्डू गोपाल के कपड़े पोशाक,कोट सेट, साड़ी गाउन दुपट्टे हाथ से बनी ज्वेलरी हाथ से बनी राखी स्पेशल केयर के बच्चों द्वारा बनाए गए। किचन में इस्तेमाल किए जाने वाले एप्रेन,राखी ज्वेलरी, गिफ्टेड, टोकनी, कुशन बुके, विशेषण आकर्षण यहां का छत्तीसगढ़ी गहना लुगरा और बस्तर आर्ट है।

भ्रमण

## कृषि छात्रों ने शहद प्रसंस्करण इकाई का किया अवलोकन



**बिलासपुर।** बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, लोरमी-मुंगेली के बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 'शहद के व्यावसायिक प्रसंस्करण' से संबंधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण बिलासपुर के कानन पेंडारी स्थित शहद प्रसंस्करण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को शहद के एकत्रीकरण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व डॉ. आर.के.एस. तोमर ने किया, जिनके साथ डॉ. अर्चना केरकेट्टा, सह-प्राध्यापक एवं डॉ. यशपाल सिंह निराला, सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान), भी उपस्थित रहे। केंद्र में उपस्थित लोकेश कोसमा, कार्यकारिणी अधिकारी, ने छात्रों को शहद प्रसंस्करण की वैज्ञानिक प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जंगलों से प्राप्त कच्चे शहद को ग्रामीणों द्वारा एकत्र किया जाता है।

आयोजन

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण



**बिलासपुर।** एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत फेडरल बैंक व्यापार विहार बिलासपुर एवं बीईसी फर्टिलाईजर्स के द्वारा ग्राम पंचायत लिमतरी के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में फलदार पौधों का पौधरोपरण किया गया। इस अवसर पर फेडरल बैंक की ओर से गौरव गुप्ता एवं गोविन्द सोना बीईसी फर्टिलाईजर्स की ओर से एन एस राजू, वाईस प्रेसिडेन्ट अरूण दाभड़कर, दिलीप गोवर्धन, नितिन जेम्स, मनोज राजपुत, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, लिमतरी के प्रिंसिपल मीना सिंह के साथ शिक्षक- शिक्षिकाएं, छात्र, छात्राएं के साथ लिमतरी ग्राम पंचायत के गणमाण्य सदस्य भी उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन लिमतरी ग्राम पंचायत के उर्जावान सरपंच राजकुमार यादव के नेतृत्व में किया गया।

# अनादि काल से एक ही धर्म सनातन है, इसकी तुलना न करें

अनादि काल से एक ही धर्म सनातन धर्म है। सनातन हिंदू की तुलना किसी से नहीं हो सकती है। मंदिर पवित्र स्थल है इसकी तुलना कभी भी न करें। शिक्षा व ज्ञान में जमीन आसमान का अंतर है। ज्ञान में पैसे नहीं लगते और शिक्षा में पैसे लगते हैं। इंसान को अपना बौद्धिक स्तर बढ़ाना होगा। यदि बौद्धिक स्तर नहीं बढ़ा तो यह कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी बड़ी गाड़ी में चलते हैं।




### सनातन भारत कल, आज और कल विषय पर कुलश्रेष्ठ ने रखे विचार, बिलासपुर सराफा एसोसिएशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा शनिवार को यश पैलेस में सनातन भारत कल, आज और कल विषय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रखर राष्ट्र चिंतक, लेखक व वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने कही। उन्होंने कहा कि कभी भी सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास न करें। यह साहित्य की धरती है। यहां बड़े-बड़े लोग पैदा हुए हैं और दुनिया को गढ़ें हैं। धर्म का अर्थ मजहब नहीं होता है। धर्म का अर्थ कर्त्तव्य, ड्यूटी होता है। सारे धर्म बराबर हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ यह कहना गलत है। हम इन सुनी-सुनाई बातों को आगे न बढ़ाएं। यह आजादी नहीं बल्कि सत्ता का हस्तांतरण हुआ है। हस्तांतरण के बाद भी निजाम में कोई बदलाव नहीं आया है। समाज में चेतना जगाने के काम को राजनीतिक लोग जगाएंगे सोचते हैं, ऐसा नहीं है। इसके लिए हम सब को मिलकर काम करना होगा।

#### राष्ट्र चलता है सामूहिक शक्ति से

मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्र दुनिया की कोई सरकार या व्यक्ति नहीं बल्कि सामूहिक शक्ति, आस्था, मान्यता व परंपराओं से राष्ट्र चलता है। राष्ट्र को चलाने वाले अंग सभी वेतन पर काम करते हैं। राष्ट्र की सनातन सभ्यता की सर्वोच्च संस्था शंकराचार्य हैं।

#### सभी को मिलेगी प्रेरणा

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि इस आयोजन से हम सभी को प्रेरणा मिलेगी। इस प्रेरणा से भारत विश्व गुरु बनेगा। इसमें हमारे बिलासपुर के भाई-बहनों का भी योगदान होगा।उन्होंने कहा कि कालांतर में उस दिशा में नहीं चल पाए पर अब हम इसे अपना दायित्व समझ कर उस दिशा में जाएंगे। इतनी संख्या में उपस्थिति यह बताती है कि हमारे देश का मान-सम्मान सिरमौर बन कर रहेगा। श्री कुलश्रेष्ठ द्वारा बताई गई बातों को आत्मसात करने का संकल्प लेकर यहां से जाएं। विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक ने कहा कि हमारा देश में हमेशा से सनातन संस्कृति रही है। देश साहित्य, कला, संस्कृति से परिपूर्ण रहा है। भारत को सोने की चिड़िया बनाने हम सभी का प्रयास हो।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित एवं मां सरस्वती की पूजा कर किया गया। मंचस्थ अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, माइनिंग कार्पोरेशन के अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रबल प्रताप जूदेव, सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य आनंद सोनी का दुपट्टा व पुष्पगुच्छ से स्वागत के बाद बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर संजय रजक, राजेश सिंह, प्रकाश गोलछा, हर्षवर्द्धन, उत्तम भंडारी, राजेश शाह, श्रीकांत, भीम सोनी, सजल, प्रकाश शुक्ला, शुभम, गिरधारी, मनीष सोनी, अनिल अग्रवाल, आनंद सोनी, सीताराम जोशी, विकास, सनी, मनमोहन, जितेंद्र, नवनीत, रितेश, सूरज सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युगल शर्मा ने किया।

#### हुए जघन्य अपराध पर चर्चा की है जरूरत

श्री कुलश्रेष्ठ ने संविधान बनने के बाद हुए जघन्य अपराधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि भारत माता को माता मानते हो तो इस पर चिंता करने की जरूरत है। इसके लिए साहस करना होगा। अदृश्य सत्ता है, जो दिखती नहीं है। राष्ट्र के खिलाफ कोई भी शक्ति षडयंत्र करे तो उसका पुरजोर विरोध हो। उन्होंने कहा कि घटनाएं घटती हैं और लोग थोड़े दिन में भूल जाते हैं। देश में कई लोग मरे पर आज तक कोई कमीशन नहीं बना। देश के सबसे ताकतवर राजनीतिज्ञ की बात हो रही है और कोई पूछना नहीं चाहता है। सभी खामोश है। उन्होंने कहा कि भीड़ सौ करोड़ की हो पर उसमें पुरूषार्थ न हो तो उसका कोई महत्व नहीं है।

## कानून से ज्यादा जरूरी है सनातनियों में मत के प्रति जागरूकता, प्यार और लगाव

वंदे मातरम मित्र मंडल की 206 वीं बैठक लखी राम अग्रवाल स्मृति सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे। विधिक सलाहकार अमित सोनी और पूर्व महाधिवक्ता मोटवानी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रफुल्ल शर्मा उपस्थित थे। मंच का संचालन पृथ्वी सहगल ने किया।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जैन ने वंदे मातरम मित्र मंडल के उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सनातनियों पर हो रहे अत्याचारों से व्यथित होकर वंदे मातरम मित्र मंडल का गठन किया गया। सात सदस्यों से प्रारंभ कर के आज 5 हजार की संख्या पर पहुंच चुका है।



प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्मांतरण जैसी कोई चीज होती ही नहीं, धर्म तो हमारा कर्तव्य है हमारी ड्यूटी और कर्तव्य ही धर्म कहा जाता है। हम जो पूजा पद्धति को मानते हैं करते हैं,वह पूजा पद्धति मत कहलाती है। मतांतर को रोकने के लिए किसी कानून से ज्यादा जरूरी है सनातनियों में मत के प्रति जागरूकता, प्यार लगाव। यदि हम अपने मत को जोड़ेंगे अपने आराध्य से अपनी पूजा पद्धति से अपने संस्कारों से जोड़ेंगे हम कभी मत अंतर हो ही नहीं सकते। उन्होंने वंदे मातरम मित्र मंडल की सराहना करते हुए कहा कि हर बैठक में वंदे मातरम राष्ट्रगीत का पूर्ण रूपेण गायन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य सरकार के ऊपर नहीं छोड़ना चाहिए। शासन प्रशासन ही सब कुछ नहीं कर सकता, सनातनियों को भी जागरूक होकर अपने एकता के लिए अपनी रक्षा के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

## भारतीय नगर की सखियों का सावन महोत्सव



**बिलासपुर।** भारतीय नगर की सखियों ने मिलकर पारंपरिक तरीक़े से सावन महोत्सव मनाया। इस बार सावन महोत्सव में पिंक कलर का थीम रखा गया था जिसमे सभी महिलाओं ने पिंक कलर की साड़ी पहनी थी। सावन महोत्सव में सभी ने अपने आस -पास पर्यावरण संरक्षण को ध्यान रखने की अपील की। फिर सभी ने आपस में कई तरह के खेल खेलने शुरू किये, हार म्यूजिकल पहनाओ खेल खेला गया, जिसमें सुधा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय सुधा शुक्ला एवं तृतीय स्थान रेखा मिश्रा ने प्राप्त किया। सभी ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी, सावन सुंदरी का चुनाव बड़े रोचक तरीके से किया गया जिसमें एक लकी खेल खेला गया जिसमें रेखा चन्द्रवंशी सावन सुंदरी चुनी गईं। इस कार्यक्रम सफल संचालन मानसी होनप द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सफल बनाने मानसी होनप, कविता पिल्ले, रंजिता कलरैया,सुधा वर्म,उषा शुक्ला ने अपना योगदान दिया।



## बंगाली लेडीज़ क्लब ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** बंगाली लेडीज़ क्लब द्वारा मार्क नर्सिंग कॉलेज बिरकोना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विविध प्रजातियों के पौधे रोपे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में हरियाली को बढ़ावा देना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। क्लब की अध्यक्ष मीता घटक ने कहा बंगाली लेडीज़ क्लब सदैव सामाजिक, सांस्कृतिक व पर्यावरणीय सरोकारों में सक्रिय रहा उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "एक पौधा, एक जीवन है, यह प्रयास भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में हमारा छोटा सा योगदान है। कार्यक्रम में डॉ कमलेश मौर्या, स्मृति, स्नेहा चक्रवर्ती सहित रूपा, काकुली, चाइना, बिजिया ,स्वस्तिका, रेखा, सोमा, मीता, अंजली, ममी, गौरी, मीरा, मोनी, इंद्राणी, बीथिका ,अदिति, रीना, शीला, रिंकू ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



## वीरांगना किटी ग्रुप ने मनाया सावन उत्सव



**बिलासपुर।** वीरांगना किटी ग्रुप ने एक निजी होटल में सावन उत्सव का आयोजन किया। इसमें रीतु सिंह, शोभा सिंह व पूजा को सावन क्वीन का खिताब दिया गया। सावन क्वीन का चुनाव राजा-रानी, चोर सिपाही खेल के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में ग्रुप की अध्यक्ष प्रीति चौहान ने कहा कि यह उत्सव महिलाओं के लिए इंजॉय करने का एक महत्वपूर्ण अवसर तो रहता ही है, एक-दूसरे से मिलना भी हो जाता है। आयोजन की होस्ट वंदना ठाकुर ने शेरो शायरी-मुलाकात पहचान बन गई.., हर नजर को एक नजर की तलाश.. के माध्यम से अध्यक्ष श्रीमती चौहान एवं सावन क्वीन बनी सदस्यों का सम्मान किया। होस्ट में किरण, ममता व स्वाती ठाकुर भी शामिल रहीं। होस्ट की विशेषता यह रही कि ये सभी लोग बंगाली की वेश में रहीं। इसके बाद हाऊजी सहित कई मनोरंजक व लकी गेम खेले गए। इस मौके पर प्रियंवदा, साधना, आकांक्षा, दीप्ति सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



### नकल रोकने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, दो घंटा पहले बुलाया गया परीक्षार्थियों को

# सब इंजीनियर परीक्षा आज, 17 केन्द्रों में 6 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

कार्नर न्यूज

बिलासपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित सब इंजीनियर प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई को होगी। बिलासपुर शहर में इसके लिए 17 स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में 5987 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा लोक निर्माण विभाग के सिविल और ई एंड एम शाखा में सब इंजीनियर पदों की भर्ती लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। परीक्षा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। नकल एवं अन्य अनुचित सामग्री के इस्तेमाल को रोकने सहित सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज परीक्षा



आब्जर्वरों की मंथन सभाकक्ष में बैठक ली। उन्हें व्यापम के नए निर्देशों की जानकारी देकर इसका कड़ाई से पालन करने कहा है। बिलासा गुड़ी में भी ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया गया। प्रत्येक केंद्र में जैमर सुरक्षा होगी। पुरुष के साथ महिला पुलिस कर्मी भी तैनात होंगे। बगैर तलाशी के किसी को भी केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यार्थियों के हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से हाथों से तलाशी ( फ्रिसकिंग) किया जाए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से यह फ्रिसकिंग का कार्य किया जाए। वे पुलिस कर्मी परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ढाई घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देवें। महिला अभ्यार्थियों की फ्रिसकिंग का कार्य महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाए। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद इन दोनों पुलिस कर्मी में से एक-एक पुलिस कर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र के परिसर एवं परीक्षा केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहें ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके।

#### नए नियम के अनुसार

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिसकिंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाए। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा 10 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 09.45 बजे बंद कर दिया जाए। हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आए। निर्देश में कहा गया है कि फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण धारण करना वर्जित है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रिानिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। उपरोक्त निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाना है।

## खबर संक्षेप

### ईएसआईसी में पंजीयन कराकर स्प्री का लाभ उठाएः केडिया

**बिलासपुर।** भारत सरकार के कर्मचारी राज्य बीमा योजना निगम द्वारा एक लाभकारी स्कीम स्प्री लाया गया है। जिसके अंतर्गत उद्योग, व्यवसाय, बिजनेस,



ठेकेदारी इत्यादि से जुड़े लोग जिन्होंने अभी तक ईएसआईसी में पंजीयन नहीं कराया है। उन्हें जुलाई से दिसंबर 2025 तक पंजीयन कराने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत जिस दिन से वे अपना पंजीयन करेंगे, उसी दिन से दायित्व आएगा। इसके पूर्व के वर्षों का लेखा-जोखा नहीं मांगा जाएगा। इसके अलावा पुराने दायित्व से भी पूर्णतया छूट दे दिया गया है। ईएसआईसी रिजनल बोर्ड सदस्य एवं छत्तीसगढ लघु एवं सहायक उद्योग संघ प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा घोषित किया गया यह अत्यंत सराहनीय कदम है। श्री केडिया ने उन सभी लोगों से जिनके यहां 10 से ज्यादा श्रमिक कार्यरत हैं उन्हें इस योजना का लाभ उठाने का सुझाव दिया है। अधिक जानकारी के लिए उद्योग संघ कार्यालय अथवा ईएस.आई.सी. के विद्या नगर कार्यालय में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

### सिंधु विद्या मंदिर के नए अध्यक्ष बने श्यामनानी



**बिलासपुर।** सिंधु विद्या मंदिर का कैलाश श्यामनानी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार समिति द्वारा संचालित समाज की शिक्षण संस्था सिंधु विद्या मंदिर की नई कमेटी बनाने सिंधी युवक समिति समिति के अध्यक्ष मनीष लाहोरानी ने सिंधु विद्या मंदिर, सिंधी कॉलोनी में पदाधिकारीयों की सहमति से समिति के उपाध्यक्ष कैलाश श्यामनानी को सिंधु विद्या मंदिर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। नया अध्यक्ष बनाने पर श्री श्यामनानी ने कहा कि सबको साथ लेकर शाला को हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को ले जाने के लिए खुले दिल से काम करूंगा। इस मौके पर सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अशोक बजाज, अमर बजाज, संरक्षक कैलाश मलघानी, मनोहर खट्वानी, मोहन मदवानी, अध्यक्ष मनीष लाहोरानी, अमित संतवानी, मनोज सरवानी, लक्ष्मण दास संतवानी, शाला की प्राचार्या जया पृथ्वानी आदि मौजूद थे।

## निधन

### गणेश सिंह पवार



**बिलासपुर।** विनोबा नगर निवासी गणेश सिंह पवार का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा गोंड़पारा से निकलकर सरकंडा मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे पहुंचेगी। वे सुभाष, संजय और सुबोध सिंह पवार की पिता थे।

### सपना सिन्हा



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर 49 एमआईजी निवासी सपना सिन्हा का 18 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. डीडी सिन्हा की पत्नी, अधिवक्ता सोम शुक्ला सरकार की माता और अधिवक्ता सोनाली बोस की बहन थीं।

### हरिप्रसाद यादव



**बिलासपुर।** ग्राम बिरकोना निवासी रिटायर्ड फौजी हरिप्रसाद यादव का 19 जुलाई को निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बिरकोना में किया गया। वे राजेश यादव, राहुल यादव, वासुदेव यादव, सुखदेव यादव के पिता थे।

### चंदन बाई देवांगन



**बिलासपुर।** करबला भाजपा कार्यालय रोड निवासी चंदन बाई देवांगन 67 वर्ष का 19 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 11 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. रामलाल देवांगन (सदन साव) की पत्नी, मोचन, शरद, भरत व मनोज (बच्ची) देवांगन की मां थी।

### पंचलाल गुप्ता



**पेंड्रा।** मरवाही जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत अंडी के पांच बार के सरपंच एवं दो बार उपसरपंच रहे पंचलाल गुप्ता का निधन हो गया। वे समाज सेवी होने के साथ ही कांग्रेस सक्रिय सदस्य भी रहे। वे विद्यानगर पेंड्रा निवासी रविन्द्र गुप्ता व पत्रकार सरोज केसरवानी के पिता एवं रतन केसरवानी के ससुर थे।

### ब्रिजेन्द्र पांडेय



**खम्हरिया।** ग्राम कुकदा निवासी 65 वर्षीय ब्रिजेन्द्र पांडेय पूर्व सरपंच का लंबी बीमारी के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कुकदा में 20 जुलाई को किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, एक बेटी, बहु, नाती समेत भरा पूरा परिवार पीछे छोड़कर चले गए।

### रामेश्वर साहू



**सकरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 निवासी तहसील साहू संघ के पदाधिकारी रामेश्वर साहू लाला का 43 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 10 बजे सकरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शिव कुमार साहू के पुत्र एवं मनी शंकर, नागेश्वर एवं तापेश्वर साहू के भाई थे।

# निगम कमिश्नर ने कहा- आपके कार्यों को मिला है ईनाम, अब नंबर वन पर आना है



**बिलासपुर।** बिलासपुर को स्वच्छता में अवार्ड मिलने पर निगम के सभी सफाई कर्मियों और स्वच्छता दीदियों का निगम प्रशासन ने फील्ड पर जाकर बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया।

नई दिल्ली से अवार्ड लेकर आने के बाद दूसरे दिन निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सुबह सफाई कर्मियों के बीच पहुंचकर पूरे देश में दूसरे स्थान पर आने पर मिठाई खिलाकर एवं शॉल श्रीफल भेंटकर उन्हें बधाई दिया। इस अवसर पर निगम कमिश्नर ने कहा इस सम्मान और पुरस्कार का श्रेय आप सभी सफाई कर्मियों को जाता है जो दिन रात शहर को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री कुमार ने कहा की पूरे देश में दूसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित होना हम सबके लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है। अभी हम दूसरे स्थान पर हैं इससे पूरे देश में हुआ है बिलासपुर का नाम। अब इसे बनाना है जन अभियान और स्वाभिमान तथा अगले साल बिलासपुर को नंबर वन बनाना है। निगम कमिश्नर ने सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अभी से नंबर वन बनने के जुट जाएं,हमें जनता का भी परस्पर सहयोग मिल रहा है। जन सहभागिता से हम बिलासपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाएंगे।

# पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़ा निगम ने कराया एफआईआर



**बिलासपुर।** प्रदेश में पहली बार पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। नगर निगम बिलासपुर द्वारा यह एफआईआर दर्ज कराया गया है। पशुओं को खुले में घूमने से रोकने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है,जिसके तारतम्य में 17 जुलाई को सरकंडा पुलिस ने मोपका निवासी मनीष सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

पालतू मवेशियों को लावारिस छोड़ने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और सड़क पर जाम लग रहा है। यह राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। शहर के मोपका चौराहे में मंगलवार की शाम करीब मवेशियों के वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही नगर निगम जोन क्रमांक 7 की टीम मौके पर पहुंची और मवेशियों को सड़क से हटाया। जानकारी लेने और मवेशियों के कान में लगे बिल्ले से ज्ञात हुआ की पशु मालिक मनीष सिंह द्वारा अपने 8 मवेशी जिसमे 2 गाय और 6 बैल मनीष सिंह के है जो इन मवेशियों को सड़क पर छोड़ दिया जाता है। 27 जून से 18 जुलाई तक निगम ने शहर के अलग-अलग हिस्सों एवं मुख्य मार्गों से 587 घूमंतू मवेशियों को पकड़कर गोठान में शिफ्ट किया है और 88300 रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

### मवेशियों को बाहर ना छोड़ें

इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार ने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा की अपने गोधन को बाहर ना छोड़ें।अपने पालतू मवेशियों को अपने स्थान पर रख कर चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करें।

# कांग्रेस ने ईडी के खिलाफ किया प्रदर्शन, पुलिस से छीनाझपटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण द्वारा शनिवार को केन्द्र सरकार और ईडी का पुतला दहन किया गया। चर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पर छापा मारा गया और उनके पुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसके खिलाफ कांग्रेस द्वारा यह प्रदर्शन किया जा रहा है, वहीं पुतला दहन के दौरान पुतला को लेकर नेहरू चौक पर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच छीनाझपटी भी हुई।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए नेहरू चौक पहुंचे। वहां पर पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ आते देख पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने पुतला को छीनने की कोशिश की, किन्तु उसमें सफल नहीं हो पाई और कांग्रेस के युवा ब्रिगेड ने पुतला को आग के हवाले कर दिया। पुलिस वाले बोतल में पानी भरकर दौड़ती रही तब तक पुतला जलकर खाक हो चुकी थी। कांग्रेस कार्यकर्ता काफी देर तक वहां ताली बजाकर नारेबाजी करते रहें। इस पुतला दहन कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व सांसद इंग्रिड मैक्लाउड, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व महापौर रामशरण यादव, राजेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र साहू, प्रमोद नायक, नरेन्द्र बोलर, शेख नजरूद्दीन, भरत कश्यप, शिवा मिश्रा आदि मौजूद थे।

### केन्द्र के इशारे पर किया जा रहा टारगेट

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि केन्द्र सरकार प्री-प्लानिंग के तहत काम कर रही है, जिस प्रदेश में अडानी और केन्द्र सरकार का विरोध होता है वहां के विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई और आईटी, ईओडब्लू द्वारा जबरन फंसाया जा रहा है। पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कहा कि इससे पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री ने अडानी को लेकर विधानसभा में व्यक्तय दिए थे तब उनके घर ईडी का छापा पड़ा था।

# सोने की परख कर करें खरीददारी : कमल

**बिलासपुर।** छग. सराफा एसोसिएशन ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर ज्वेलर्स उपभोक्ता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी और बताया कि सोना लेते समय क्या चीज की परख करना है। साथ ही कहा कि सोने की परख कर खरीददारी करें।

- छग. सराफा एसोसिएशन की प्रेस वार्ता

एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने उपभोक्ता जागरूकता अभियान को एक साहसिक अभियान बताया और कहा कि पूरे अभियान का डाटा तैयार कर लिया गया है। पिछले साल नई कार्यकारिणी की गठन से संगठन मजबूत हुआ है। शासन-प्रशासन तक बात पहुंचाने में मदद मिल रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ में सराफा के 120 एसोसिएशन हैं और सभी बडी विश्वसनीयता से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्राण्डेड चीज हमेशा महंगी रहती है। सोना तो न तो 1 रूपए सस्ता और न ही एक रूपए महंगा मिलता है। हर दिन इसका रेट बदलते रहता है। सोने में ब्राण्डेड, अनब्राण्डेड कोई नहीं है। भारतीय मानक ब्यूरो ने हाल मार्क की व्यवस्था की है। निश्चित ही यह लाभकारी मौका है। भारत सरकार हमारे लिए बहुत सहायक हैं। इस मौके पर राजेश सोनी, श्रीकांत पाण्डेय भी उपस्थित थे।

### कीमत के हिसाब से चीज मिल रहा कि नहीं देख लें

प्रकाश गोलछा रायपुर ने बताया कि पूरे प्रदेश में छोटे-बड़े व्यापारी व्यापार करते हैं पर कुछ व्यापारियों के प्रलोभन से छोटे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। दूर अंचल के मध्यम वर्ग के व्यापारियों को दिक्कतें आ रही है। प्रलोभन से बचने उपभोक्ता समझारी से लेन-देन करें। यह देखें की कीमत के हिसाब से चीज मिल रहा है कि नहीं। सोने के आभूषण खरीदना केवल एक लेन-देन नहीं, बल्कि विश्वास और पारदर्शिता से जुड़ा निर्णय होता है।




# विस में उठा एयरपोर्ट का मुद्दा समिति ने जताया आभार



**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के 4सी एयरपोर्ट उन्नयन को लेकर उठाए गए मुद्दे को लेकर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने विधायक धर्मजीत सिंह का आभार व्यक्त किया। विधायक ने पुरजोर तरीके से एयरपोर्ट विकास की बात सदन में रखी। उन्होंने विधानसभा में कहा था कि राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण बनाया जा सकता है तो न्यायधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्यों नहीं बताया गया है।

बिलासपुर में 4सी केटेगरी का एयरपोर्ट का ना होना छत्तीसगढ़ के लिए शर्मनाक है। विधायक धर्मजीत ने सरकार से जमीन की व्यवस्था के साथ 100 करोड़ के फंड की मांग की है। समिति ने बताया कि 4सी एयरपोर्ट की मांग लंबे समय से जारी है,प्रदेश का क्षेत्रफल 1लाख 35 हजार वर्ग किमी है जहां महज रायपुर में ही 4सी एयरपोर्ट है, जबकि तमिलनाडु जैसे छोटे राज्य में 6 एयरपोर्ट 4सी श्रेणी के है। इसमें भी तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर के तौर पर विकसित किए गए है। बिलासपुर को एजुकेशन सिटी बनाने की घोषणा की गई है, ऐसे में सर्वसुविधायुक्त और महानगरों तक सीधी उड़ान की जरूरत है। शनिवार को हुए धरने में रवि बनर्जी, लकी यादव, महेश दुबे टाटा, देवेंद्र सिंह ठाकुर,सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### डाक्टरों की पहुंच होगी आसान

स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में भी जिले में अपोलो के अलावा दूसरा बड़ा अस्पताल नहीं है। केंद्र सरकार ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया है, विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने के कारण अस्पताल पूरी तरह से नहीं चल पा रहा है। समिति ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टर जिले में आ सके इसके लिए हवाई सुविधा का विस्तार जरूरी है। एयरपोर्ट की सुविधा होने से अन्य प्रदेशों से आने वाले डाक्टरों की पहुंच शहर तक आसानी से हो सकेगी और मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# 11 हजार राखी बनाएंगी गाइड बहिनें



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के जिला संघ की बैठक ब्रजेश मेमोरियल कउमावि में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव रहे। इसमें वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय मिडिल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में स्काउट-गाइड की यूनिट्स को सक्रिय किया जाए। समय पर दल पंजीयन हो, बेसिक,एडवांस कोर्स आयोजित किया जाए। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त से 4 दिवसीय राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस रक्षा बंधन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक राखी देश के सैनिकों के नाम से 11 हजार राखी सेना मुख्यालय नई दिल्ली भेजी जाएगी। जिसे छत्तीसगढ़ के समस्त जिला के गाइड और रेंजर बहने बनाएंगी। बैठक में जिला मुख्य आयुक्त चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, विजय कुमार यादव, देवब्रत मिश्रा, मनीष गुप्ता, नरेंद्र मिश्रा, भूपेन्द्र शर्मा, सुश्री लता यादव, संतोष त्रिपाठी, बीना यादव, महेन्द्र बाबू टंडन आदि मौजूद थे।

# बोलबम की अलौकिक नगरी देवघर के लिए शिवभक्तों का जत्था रवाना

**बिलासपुर।** सावन के पवित्र माह में बाबा भोलेनाथ की भक्ति का रंग पूरे देश में चढ़ता है।

इस बार भी बिलासपुर से शिवभक्तों की टोली बोलबम के जयकारों के साथ देवघर के लिए रवाना हुई। हर साल की तरह इस बार भी यह जत्था अपने शहर व प्रदेश की सुख-शांति की कामना के साथ पवित्र जल अर्पित करेगा। यह दल पहले सुल्तानगंज बिहार पहुंचेंगे, जहां वे गंगा स्नान कर कांवर में जल भरेंगे। इसके बाद पैदल यात्रा कर 'बोलबम' की गूंज के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर पहुंचकर जल चढ़ाएंगे। यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक आत्मिक अनुभूति भी है। इस पावन यात्रा में प्रकाश सिंह, विजय केशरवानी,अतुल सिंह, निर्मल मानिकपुरी, निक्की दुबे, रौशन सिंह, प्रवीण शर्मा, साक्षी यादव, प्रशांत द्विवेदी, आनंद श्रीवास, गौरव दुबे, अजय यादव, मनोज पाण्डेय, आशीष चौरसिया, सोनल सिंह, आयुष सिंह, शुभम गोस्वामी, प्रिंस राहुल मिश्रा शामिल हैं। सभी बिलासपुर पटना ट्रेन से रवाना हुए हैं।



## एजुकेशन प्लस

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में शपथ ग्रहण



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, व्यापार विहार ने 19 जुलाई को अपना शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) राम गोपाल करियारे, उप निरीक्षक एवं प्रशिक्षक (यातायात) उमा शंकर पांडे थे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में सेंट जेवियर्स चेन आफ स्कूल्स बिलासपुर जोन की निर्देशका सुश्री लेखाश्री पटनायक, सुश्री सुप्रिया एपी, प्राचार्य जेएस हुंडल, उप-प्राचार्या रंजना बहादुर और श्रीमती ए. ललिता शामिल थीं। प्राचार्य श्री हुंडल ने मुख्य अतिथियों, प्रबंधन सदस्यों और निदेशक को पौधे भेंट किए। प्राचार्य श्री हुंडल ने आभार व्यक्त किया और छात्रों के जीवन को आकार देने में अनुशासन और सेवाभावी नेतृत्व के महत्व पर ज़ोर दिया। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए छात्र परिषद की घोषणा की गई। जिसमें शाला नायक अक्षत टंडन, शाला नायिका ईवा ओशीन मसीह, जूनियर सेक्शन हेड बॉय अंशुमन चौबे और हेड गर्ल शौर्या अमित शिंदे शामिल थीं। विभिन्न छात्र प्रतिनिधियों ने भी अपने पदों की शपथ ली। सीएमडी डॉ. जी.एस. पटनायक ने छात्र परिषद के सदस्यों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**सिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा डीन डॉ. मूर्ति की देखरेख में शोध जारी**

# कैंसर कारक वायरस पर शोध, रोगों के निदान में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ह्यूमन पेपीलोमा वायरस पर सिम्स में शोध जारी है। डीएनए वाईरस के तौर पर जाने जाने वाले यह वायरस कैंसर कारक है और कई कई शरीर के कई रोगों में सहायक है, इसका असर बच्चे से लेकर बुजुर्ग में देखा जा रहा है। एचपीवी से सर्वाइकल, एनल, वेजाइनल, मुँह और गले के कैंसर होने का खतरा भी बना रहता है, ऐसे में सिम्स के माइक्रो बायोलॉजी विभाग द्वारा इसपर शोध जारी है। बताया जा रहा है कि शोध की मदद से रोगों के निदान में मदद मिलेगी और मरीजों को नवजीवन देने में सहायक होगी।

आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 तक सर्वाइकल कैंसर के अनुमानित 3.5 लाख मरीज पाए गए थे, इसकी तादात भी बढ़ रही है, इस दौरान प्रदेश में 6 हजार 8 सौ से अधिक इस बीमारी के चपेट में आ चुके थे। देश में ह्यूमन पेपीलोमा वायरस की जाँच एवं नियत्रंण के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत नई शोध एवं टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सिम्स में भी माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डीन डॉ. रमणेश मूर्ति की देखरेख में एचपीवी वायरस की स्क्रीनिंग एवं जीनोटाइप पर शोध जारी है। यह मुख्यतः विभिन्न तरीकों से संक्रमण करता है। जिसमें सेक्सुअल रूट, वर्टिकल ट्रांसमिशन अर्थात डिलिवरी के दौरान माता से नवजात में संक्रमण होना, व हॉरिजॉन्टल ट्रांसमिशन जो डिलिवरी के दौरान संक्रमित उपकरणों के उपयोग से हो सकता है। ऐसे में सिम्स अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों में इस तरह के वायरस के सैंपल लिए जा रहे हैं और डाक्टरों के द्वारा डीएनए टेस्ट किया जा रहा है। डीन डॉ मुर्ति ने बताया कि शोध से एचपीवी से होने वाले रोगों के निदान एवं उपचार में नई प्रगति मिलेगी, 4 से 5 माह के भीतर नए तथ्य मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। गुप्ता परिवार द्वारा तोरवा निवासी घनश्याम प्रसाद गुप्ता के देह का दान किया गया है। साल 1946 में पैदा हुए श्री गुप्ता की अंतिम इच्छा अनुसार 19 जुलाई को उनके पार्थिव शरीर को सिम्स में दान किया गया। परिजनों ने डीन डॉ रमणेश मूर्ति से मिलकर इस बारे में जानकारी दी।

# बीपीएस बहतराई में शपथ ग्रहण



**बिलासपुर।** ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण के लिए अलंकरण समारोह–2025 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सीयू के डॉ. जय सिंह थे।

विशिष्ट अतिथियों में द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, प्राचार्य ज्योति तिवारी ब्रिलिएण्ट पब्लिक चेन ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं सुशील अग्रवाल, शिव शरण धर बड़गैया थे। मुख्य अतिथि ने प्रीफेक्ट्स को अपने पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। समारोह में विद्यार्थियों के एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पुरस्कारों तथा सीबीएसई खेल प्रतिस्पर्धाओं में उपलब्धियों का भी जश्न मनाया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन एवं उपलब्धियों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि द्वारिका और विद्यालय अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों को बधाई दी। निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने दृष्टिहीन विद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति की सराहना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप–प्राचार्या रोजमेरी लक्ष्मन, श्रुति देशपाण्डे, प्रीति दास, सोनम शिवदसानी आदि का योगदान रहा।


रजक युवा गाडगे सम्मेलन
में माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
के बिलासपुर आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत....
नारद रजक
जिलाध्यक्ष
गंगेय लाल निर्मलकर
संभागीय महासचिव
रामेश्वर निर्मलकर
संभागीय अध्यक्ष
विमल रजक
परिक्षेत्रीय अध्यक्ष
लोकनाथ निर्मलकर
संभागीय कोषाध्यक्ष
मोतीलाल निर्मलकर
संभागीय संरक्षक
जितेन्द्र निर्णजक
सरपंच, ग्राम परसदा
विक्की निर्मलकर
सरपंच, ग्राम महमंद
लक्ष्मीकांत निर्णजक
संभागीय उपाध्यक्ष
विनीत-छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज
सेवा समिति संभाग बिलासपुर

खबर संक्षेप

## जमीन का सौदा कर दूसरे को बेचा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पांच लाख लेकर जमीन का सौदाकर दूसरे को बेचने वाले के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला शुभम विहार निवासी ऋतुपर्ण सिंह पिता स्व. रामकुमार सिंह 40 साल ने रिपोर्ट लिखाई रतनपुर बड़ी बाजार निवासी शबाना बेगम ने 2486 वर्गफीट जमीन व उसमें बने मकान को बेचने का 5 लाख रुपए में सौदा तय किया। दोनों के बीच 9 सितंबर 2022 को इकरारनामा तैयार कर चेक माध्यम से शबाना को रकम दे दी गई थी, किन्तु शबाना ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से उसे नोटिस भेजा। उसका भी कोई जवाब नहीं दिया गया। 13 सितंबर 2024 को शबाना ने उक्त जमीन दूसरे को बेच दिया। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर शबाना बेगम के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## झांसा देकर युवक ने की लाखों की ठगी

**बिलासपुर।** शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने मोहल्ले के कई लोगों से लाखों की ठगी कर ली। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। सरकंडा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि इमलीभाठा बंधवापारा में रहने वाले ब्यासनारायण साहू ने ठगी की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि आकाश उर्फ छोटू यादव ने शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक लाख रुपये ले लिए। इसी तरह आरोपी आकाश यादव ने मोहल्ले के गुलशन केसर, अजय यादव, आलोक शर्मा, आकाश ठाकुर, विष्णु वंशकार, अमित भगत समेत कई लोगों से भी निवेश के नाम पर रकम ऐंठी। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपये की ठगी की गई। आरोपी के बताए समय के बाद जब रकम वापस नहीं मिली और पूछने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। लोगों ने उसके घर पहुंचकर देखा तो वहां ताला लगा था और आरोपी फरार था। थाना प्रभारी निलेश पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। मोबाइल लोकेशन के आधार पर शनिवार को आरोपी को उसके घर में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार कर लिया।

रोज हो रही दुर्घटनाएं : आवागमन में हो रही भारी परेशान

# शहर में पीडब्ल्यूडी की 29 सड़कें पिछले छह साल से सिर्फ पेचवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पीडब्ल्यूडी की 29 सड़कें हैं, जिन पर चौबीसों घंटे यातायात का दबाव है। आश्चर्यजनक बात यह है कि बीते छह वर्षों में नया निर्माण तो दूर, इन सड़कों में बड़ी मरम्मत भी नहीं की गई है। अत्यंत जर्जर, लोगों की मांग या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद विभाग द्वारा इन सड़कों में सर्फ पेंचवर्क किया जाता रहा है। आज की स्थिति में इनमें से आधा दर्जन सड़कें तो एक कदम चलने लायक भी नहीं हैं।

प्रदेश का दूसरा बड़ा शहर होने के बाद भी सड़कों के मामले में बिलासपुर की हालत बेहद खराब है। शहर में पीडब्ल्यूडी की 29 सड़कें हैं, लेकिन इनमें से कुछ को छोड़कर सबकी स्थिति खराब है। शनिचरी रपटा से साइंस कालेज सरकंडा तक जाने वाली सड़क लगभग है ही नहीं। यहां सड़क का निर्माण 14 साल से भी पहले किया गया था। शनिचरी से लेकर सीपत रोड तक यहां सर्फ बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इस मार्ग पर बीते चौदह सालों में ढेरों कालोनियां बसाई गई हैं, जिनका प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन होता है। इसके वितरीत शासन द्वारा इसका निर्माण नहीं किया जाना समझ से परे है।

इसी तरह कुदुदंड से मंगला जाने वाली सड़क भी सालों पहले बनाई गई थी। यह मार्ग मंगला बस्ती होते हुए सीधे लोखड़ी, महर्षि स्कूल व दीनदयाल कालोनी जाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। चूंकि दीनदयाल कालोनी अपने आपमें एक नया शहर जैसा ही है, जिससे यहां से कुदुदंड होते हुए इंदिरा सेतु व सरकंडा से रतनपुर या सीपत रोड जाने में बहुत कम समय लगता है। बेहद जर्जर हालत वाली इस सड़क को बनाने के लिए विभाग द्वारा शासन को 17 करोड़ 67 लाख का प्रस्ताव भेजा गया है। शासन द्वारा इसे बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन स्वीकृति फिलहाल लंबित है।

अशोक नगर चौक से बिरकोना जाने वाली सड़क 2012 में बनाई गई थी। यह सड़क अभी अशोक नगर चौक से ही खराब है। अशोक नगर चौक से पत्रकार कालोनी के गेट तक इस सड़क की हालत अच्छी नहीं है। इसके आगे बिरकोना चौक तक सड़क अच्छी हालत में है। अशोक नगर से आशाबंद तक जाने वाली सड़क का निर्माण तो आज तक नहीं किया गया है। यह सड़क सीधे रामकृष्ण आश्रम कोनी में जाकर निकलती है।

इस सड़क के बनने के बाद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल आने-जाने वालों के लिए, विशेषकर सीपत क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी आसानी हो जाएगी। विभाग द्वारा इस सड़क के लिए शासन को 3 करोड़ 96 लाख का प्रस्ताव भेजा गया है।



साइंस कॉलेज रोड पर बनी पीडब्ल्यूडी की सड़क उधड़ी। गड्ढे में भर गया बारिश का पानी, लोग हो रहे परेशान।

### 14 सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव शासन को

पीडब्ल्यूडी द्वारा शहर की कुछ सड़कों को बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिन्हें बजट में शामिल किया गया है। बजट में शामिल होने का ये बिल्कुल मतलब नहीं है कि सड़कों का निर्माण हो ही जाए , लेकिन एक उम्मीद है। बजट में शामिल इन सड़कों में लिंक रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, डीपी वर्मा मार्ग, तारबाहर से नगपुरा मार्ग, अशोक नगर से आशाबंद मार्ग, शनिचरी रपटा से साइंस कॉलेज मार्ग, गांधी चौक से तारबाहर मार्ग, कुदुदंड से मंगला मार्ग, जीडीसी कॉलेज हॉस्टल से इंदु चौक, देवकीनंदन चौक से महामाया चौक मार्ग, नेहरू चौक से उसलापुर रोड, तिफरा ओवरब्रिज से नेहरू चौक रोड, नेहरू चौक से दर्रीघाट रोड एवं तिफरा ओवरब्रिज से पेंड्रीडीह चौक रोड शामिल हैं।

### इन सड़कों की हालत भी बड़ी खराब

जर्जर सड़कों के मामले में तोरवा चौक से लालखदान वाली सड़क, नूतन चौक से नूतन कालोनी वाली सड़क सीपत रोड से अशोक नगर होते हुए बहतराई रोड, मधुबन से लिंगियाडीह मार्ग भी बेहद जर्जर है। इन सड़कों के सुधार के लिए शासन को प्रस्ताव भी नहीं भेजा गया है। ऐसी हालत में इन सड़कों पर आवागमन करने वालों को फिलहाल विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले पेंचवर्क के भरोसे ही रहना पड़ेगा।

### निगम ने की है खोदाई

जर्जर हो चुकी सड़कों के नए निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाता है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने की हालत में पेचवर्क से सड़कों को चलने लायक बनाना ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। शहर की ज्यादातर सड़कों पर नगर-निगम की पाईप लाईन के कारण खुदाई हुई है। पाईप लाईन ठीक से डाले नहीं गए हैं। जगह-जगह लिकेज है, जिससे शाम को पानी की सप्लाई शुरू होते ही सड़क पर पानी भर जाता है। अब ऐसी हालत में सड़कें कितने दिन टिकेंगी? विभाग की हर संभव कोशिश रहती है कि सड़कों की हालत कम से कम इतनी रहे कि लोग आसानी से आवागमन कर पाएं।

-**सीएस विंध्यराज**, ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

## शराब लेकर सड़क किनारे पीने वालों से रहवासी परेशान, बंद करने की मांग

**बिलासपुर।** अशोक नगर से बिरकोना जाने वाली सड़क पर स्थित शराब दुकान यहां के रहवासियों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। आसपास कालोनियों में रहने वालों ने दुकान से शराब लेकर लोगों को सड़क किनारे खुले में ही शराबखोरी करने की कलेक्टर से शिकायत की है।

शिकायत में दुकान के ठीक बाजू में कालोनी होने व करीब ही मिडिल स्कूल संचालित होने का हवाला देते हुए शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की गई है। अशोक नगर से बिरकोना जाने वाली सड़क अब जल्द ही गौरव पथ के रूप में आकार लेने वाली है। ऐसी हालत में इस मार्ग से आवाजाही भी बढ़ जाएगी। इसके विपरीत इस मार्ग पर संचालित शराब दुकान से आसपास रहने वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोग दुकान से शराब खरीदने के बाद सड़क के किनारे ही बैठकर पीने लगते हैं। इस संबंध में रहवासियों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत भी

**अशोक नगर शराब दुकान का मामला**

की है। शिकायत में कहा गया है कि देशी मदिरा दुकान के सामने पहली से आठवीं कक्षा तक संचालित एक निजी स्कूल के बच्चों को प्रतिदिन शराब दुकान का सामना करना पड़ता है। इसी तरह दुकान के बाउंड्रीवाल से लगी एक रिहायशी कालोनी भी स्थित है, जिससे कालोनीवासियों का पूरे दिन आवागमन लगा रहता है। उक्त दुकान के अन्दर फिलहाल आहता नहीं होने के कारण अवैध चखना दुकान सड़क के किनारे ही संचालित की जा रही है, जहां शराबखोरी करने वालों की भीड़ लगी रहती है। शराबखोरी करने पहुंचे लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़ी करते हैं एवं शराब का सेवन भी सड़क किनारे ही किया जाता है। ऐसी हालत में सड़क पर अनावश्यक भीड़ जमा हो जाती है, जिससे यातायात लगातार बाधित होता है। शराब के नशे में यहां लोगों के द्वारा अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौच भी किया जाता है जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं आम लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। रहवासियों द्वारा उक्त दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की गई है।

वीडियो वायरल होने के बाद देर से जागी पुलिस



बीच सड़क पर कार खड़ी कर रील बनाते युवक।

## रील बनाने नेशनल हाइवे जाम किया 6 कार सवारों पर 2-2 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद देर से जागी पुलिस ने रतनपुर नेशनल हाइवे में काले रंग की 6 नई टोयोटा फार्च्यूनर कार चलाते हुए स्टंट करने, कतार से गाड़ियां खड़ी कर हाइवे को जाम करने वाले रईसजादों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने कार सवार संचालकों पर 2 - 2 हजार रुपए जुर्माना किया है। साथ ही सभी के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के लिए आरटीओ विभाग को पत्र जारी किया है।

- लाइसेंस निलंबित करने आरटीओ भेजा गया प्रस्ताव

शुक्रवार को सोशल मीडिया में रतनपुर नेशलन हाइवे में काले रंग की 6 टोयोटा फार्च्यूनर कार में सवार युवकों द्वारा खुद को बाहुबली बताते हुए स्टंट किया जा रहा था। यहीं नहीं ये रईसजादे बीच सड़क पर कतार से कार खड़े कर वीड़ियो बना रहे थे, इसके लिए बाकायदा वीडियोग्राफरों के साथ तेज लाइटिंग का भी इंतजाम किया गया था। इनकी हरकतों के चलते सड़क पर ट्रैफिक जाम हो गया था और जाम में फंसकर लोग हलाकान हो रहे थे। बाद में विनय शर्मा के बेटे वेदांत शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से रील पोस्ट किया था। वीडियो वायरल होने के बाद शहर में इसकी चर्चा होने लगी, परन्तु पुलिस ने इसे संज्ञान में नहीं लिया, बाद में पुलिस जागी और शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी सहित संचालकों को यातायात थाने में तलब कर 2 - 2 हजार रुपए जुर्माना किया। जुर्माना राशि पटाने के बाद आगे स्टंट करने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ा गया है। ट्रैफिक पुलिस ने सभी कार संचालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के लिए आरटीओ विभाग को पत्र लिखा है।




### पूर्व में डीएसपी की पत्नी पर हुई थी कार्रवाई

पूर्व में सूरजपुर में पदस्थ डीएसपी की पत्नी ने जन्मदिन पर सरकारी नीले रंग की लाइट लगे कार के बोनट में बैठकर केक काटते हुए वीडियो वायरल किया गया था। उसके बाद मामला गरमा गया था और हाईकोर्ट ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। उसके बाद उनकी पत्नी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था।

### होगा लाइसेंस निरस्त

रील बनाने के लिए तेज रफ्तार से गाड़ी चलाकर लोगों को खतरे में डालने व नेशनल हाइवे को जाम करने वाले 6 गाड़ी संचालकों के खिलाफ 2 - 2 हजार रुपए जुर्माना किया गया है। सभी के ड्राइवर लाइसेंस निरस्त करने आरटीओ विभाग को पत्र भेजा गया है।

**-रामगोपाल करियोर**
ट्रैफिक एडीशनल एसपी

## रोजगार मेले में शामिल होने दे सकते हैं आवेदन

**बिलासपुर।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने आगामी माह में पृथक-पृथक राज्य, संभाग एवं जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए निजी क्षेत्र में नियोजकों से रिक्तियां प्राप्त की जा रही है। इच्छुक नियोजक एवं प्रतिष्ठान जो रोजगार मेले में शामिल होना चाहते हैं, वे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी बिलासपुर में उपस्थित होकर निर्धारित प्रपत्र में रिक्तियों की जानकारी जमा कर सकते हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# देर रात कुदूदण्ड, तालापारा में पुलिस का छापा

**बिलासपुर।** बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने अतिसंवेदनशील कुदूदण्ड, तालापारा में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले, पूर्व में चाकूबाजी में संलिप्त, देर घूमकर अशांति फैलाने वाले 11 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कार्रवाई से दोनों क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था।

- अशांति फैलाने वाले 11 बदमाश गिरफ्तार

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को शिकायत मिली रही थी कुदूदण्ड, तालापारा में कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब की बिक्री व हथियार रखकर अशांति फैलाई जा रही है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सीएसपी श्री परिहार, टीआई एसआर साहू ने बल के साथ शुक्रवार को देर रात कुदूदण्ड, तालापारा में छापामार कार्रवाई की। बदमाशों के घरों में दबिश देकर तलाशी ली गई।

इस दौरान मंगला धूरीपारा निवासी रितेश ध्रुव के पास 30 पाव, कुदूदण्ड के विक्की पात्रे के लिए 5.4 लीटर देशी शराब एवं पूर्व में चाकूबाजी करने व देर रात घूमने वाले 9 बदमाशों को पकड़ा गया है। पुलिस ने 2 युवकों पर आबकारी एक्ट व 9 लोगों पर बीएनएस की धारा 170 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व जरहाभाठा मिनीबस्ती, सिरगिट्टी नयापारा में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शहर के बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।



थाने में आरोपियों को कान पकड़ा कर दी गई चेतावनी।

### पकड़े गए बदमाश

- कल्लू उर्फ धर्मेन्द्र पटेल मंगला
- अभिषेक यादव उर्फ हिमांशु मिलन चौक कुदूदण्ड
- रोहित माली मिलन चौक कुदूदण्ड
- मुकेश यादव आजाद चौक मंगला
- कुनाल उइके 27 खोली विकास नगर
- अंशुमन राव पानी टंकी कुदूदण्ड
- अभिषेक एन्थोनी सर्किट हाउस के पास कुदूदण्ड
- धनराज पात्रे आजाद चौक कुदूदण्ड
- पोषण टोंडर मिनीमाता नगर तालापारा

### चाकूबाजों पर हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई

पुलिस ने चाकू चापड़ लहराकर लोगों को डरा धमकाकर अशांति फैलाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। सरकण्डा पुलिस ने विशाल पाटले पिता सुग्रीव पाटले 22 साल केवतरा पचपेड़ी, धर्मेश वैश्णव उर्फ कोको पिता फूलदास 22 साल हरश्रृंगार कालोनी राजकिशोरनगर, एक नाबालिग, कोतवाली पुलिस ने शेख रमजान पिता शेख रहीम 24 साल टिकरापारा, कोनी पुलिस ने अरिहन्त मिश्रा पिता रामकृष्ण मिश्रा 27 साल आईटीआई चौक, सिरगिट्टी पुलिस ने सतीश उर्फ लालू यादव पिता ममता उर्फ मनोज यादव 19 साल बसिया, भावेश देवांगन पिता स्व. मनहरण देवांगन 18 साल यदुनंदननगर, मस्तूरी पुलिस ने योगेश चंद्राकर पिता मनहरण चंद्राकर 30 साल ग्राम भिलाई, चकरभाठा पुलिस ने रविशंकर सोनवानी पिता स्व. कृष्ण कुमार सोनवानी 20 साल आवासपारा परसदा निवासी को पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रैटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
Departure EX-Kathmandu (13 दिन)
EX-नेपाल गंज हेलिकॉप्टर (9 दिन) 2,60000/-
कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## बर्थ के लिए दो युवतियों में झड़प, एक का फूटा सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकल ट्रेन में सफर कर रही दो युवतियों के बीच बर्थ में बैठने के नाम से विवाद हो गया, जिसमें एक ने दूसरे युवती पर मोबाइल से वार करते हुए सिर फोड़ दिया। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

- लोकल ट्रेन में हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार रात में रायगढ़ से बिलासपुर आने वाली लोकल में चांपा नैला से दो युवतियां ट्रेन में सवार हुईं। इसी कोच में एक युवती भी बैठी हुई थी। युवती ने दूसरी युवती से बर्थ में जगह देने की बात कही, जिसे पहले से बैठी युवती ने मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी और विवाद बढ़ गया। विवाद देख कोच के मौजूद दूसरे यात्रियों ने भी बीच बचाव करना उचित नहीं समझा। इसी दौरान एक युवती ने चाम्पा नैला से बिलासपुर आ रही युवती पर मोबाइल से वार कर दिया, इससे उसके सर में गंभीर चोट लगने से खून बहना शुरू हो गया। उक्त युवती के साथ उसकी बहन भी थी। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने के बाद वह अपनी बहन को लेकर जीआरपी थाने पहुंची। जीआरपी ने चोटग्रस्त युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं रात तक दोनों पक्षों से पूछताछ की गई।



युवती को अस्पताल ले जाती पुलिस कर्मी।

BHARGAVA UROLOGY Centre
Dr. Rahul Bhargava
M.S. M.Ch. Urology
Consultant Urologist & Andrologist
भार्गव यूरोलॉजी सेंटर
* किडनी की पथरी (Stone) का छोटे चीरे से ऑपरेशन (MINI PCNL)
* युरेटर एवं पेशाब नली का दूरबीन द्वारा इलाज
* पेशाब नली की सिकूड़न (Stricture) का दूरबीन द्वारा ईलाज ।
* महिलाओं एवं बच्चों के पेशाब संबंधित समस्याओं का ईलाज ।
* लिथोट्रिप्सी की सुविधा प्रत्येक शनिवार एन्ड्रोलॉजी क्लीनिक ।
• सभी जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा
• लेप्रोस्कोपी से Gall Bladder, Appendix
स्मार्ट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
पता :- रिंग रोड नं.2, गौरव पथ मंगला चौक के पास बिलासपुर मो. 7389439337


## खबर संक्षेप

### डीईओ ने हायर सेकेंड्री स्कूल आमाडांड का किया निरीक्षण



**पेंड्रा।** जिले के नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी गुरूवार दोपहर के समय अचानक पेंड्रा विकासखंड के शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल आमाडांड का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टाफ कक्ष, अध्यापन कक्ष तथा प्रयोगशाला कक्ष का अवलोकन किया एवं मरम्मत के बाद प्राचार्य कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के प्राचार्य प्रवीण श्रीवास की प्रशंसा की और आगे भी इसी प्रकार से अच्छे कार्य करते रहने की बात कही।

### मुख्यमंत्री साय से मिले जनपद सभापति लोकेश



**पथरिया।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन जनपद पंचायत पथरिया के सभापति लोकेश साहू ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीएमओ कार्यालय रायपुर में भेंट की। इस दौरान लोकेश साहू ने प्रदेश में चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु सीएम को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उनके जनपद क्षेत्र में जनता के लिए उन्होंने जो कार्य किया, उसके बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर सीएम विष्णुदेव साय ने उनके कार्यों की तारीफ की। इस दौरान सभापति ने अपने निर्वाचन क्षेत्र और पड़ियाईन की समस्या से अवगत कराया और समाधान हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर भाजयुमो पथरिया अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच राम रतन राजपूत, धमनी सरपंच राज कौशिक मौजूद रहे।

### वाजिद बने सुन्नी हन्फी कच्छी मस्जिद के मुतवल्ली



**मुंगेली।** सुन्नी हन्फी कच्छी मस्जिद के मुतवल्ली अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार वर्ष 2022 के मार्गदर्शिका में एवं मुंगेली जिला प्रशासन की निगरानी में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई, जिसमें सैय्यद वाजिद ने मुंगेली सुन्नी हन्फी कच्छी मस्जिद के मुतवल्ली पद पर 90 वोटों से जीत हासिल की। चुनाव जीतने के उपरांत नवनिर्वाचित मुतवल्ली सैय्यद वाजिद ने लोगों का आभार करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज में पिछड़े हुए लोगों के हित एवं समाज के लिए बेहतर कार्य करना ही प्रथम उद्देश्य रहेगा। चुनाव में समाज की ओर से चुनाव कमेटी के रूप में मोईन खान, फिरदौश खान, अब्दुल शहजादा, अब्दुल कादिर, आशिफ अली, रिजवान खान, नईमुद्दीन, आशिक अली सहित समाज के प्रमुख लोगों की विशेष भूमिका रही।

### युकांइयों ने प्रदर्शन कर फूंका ईडी का पुतला




**पथरिया।** शुक्रवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रदेश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है, जिसके विरोध में कांग्रेसियों द्वारा लगातार अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम मे नगर पंचायत पथरिया में युवा कांग्रेस ने मोदी और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ईडी का पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल राजपूत के नेतृत्व में नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता महामाया द्वार के सामने एकत्रित हुए और भूपेश बघेल के समर्थन मे जोर-शोर से नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने बताया कि भाजपा सरकार अपने मित्र अडानी को लाभ दिलाने के उद्देश्य से जंगलों की कटाई कर रही है। मानसून सत्र के अंतिम दिन तमनार जंगल की कटाई का प्रश्न उठना था, जिसे रोकने के लिए सुबह से ही ईडी की टीम भाजपा की एजेंट बनकर भूपेश बघेल के निवास पहुंच गई और फर्जी केस में उनके पुत्र चैतन्य बघेल को फंसाने की कोशिश करने लगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक यादव नेता प्रतिपक्ष ओंकार यादव, पूर्व अध्यक्ष ग्वाल दास अनंत, पार्षद दीपक साहू, मनोज निषाद, पूर्व सभापति सम्पत जायसवाल, जिला सचिव खेमू साहू, धर्मेन्द्र श्रीवास, राजेन्द्र गेंदले, पूर्व एल्डरमेन संतोष पाली, तुलसी सोनवानी, पिलेश्वर वर्मा, चमन वर्मा, निक्कू यादव, कुशाल निर्मलकर समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## बहुरता और पुरेना के बीच बने पुल के दोनों ओर डाली गई है मिट्टी

# पुल पार करने से डर रहे ग्रामीण



पुल के दोनों ओर फैला कीचड़ ही कीचड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तखतपुर

ठेकेदार द्वारा पेंचवर्क पूरा नहीं करने के कारण बहुरता और पुरेना के बीच बना नया पुल लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। बहुरता और पुरेना के बीच गौरीघाट पर नया पुल बनाया गया है। पुल के बनने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल था कि अब दोनों गांव के बीच आने-जाने में उन्हें सहूलियत होगी, लेकिन ग्रामीणों की खुशी ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकी। ठेकेदार ने गौरी घाट पर पुल तो बना दिया, लेकिन पुल से सड़क तक सीसी नहीं किया। सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। इसके कारण दोनों तरफ कीचड़ हो गया है। हालात ऐसे हैं कि पुल बनने के बाद भी लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। जिस समय इसका निर्माण पूरा हुआ उसी समय ग्रामीणों ने ठेकेदार को कहा था कि पुल से सड़क तक पक्का कांक्रीट या डामरीकरण किया जाए अन्यथा उन्हें बरसात में भारी परेशानी होगी, परंतु ठेकेदार ने ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल इसको सुधारने की मांग की है।

■ ठेकेदार की लापरवाही बनी लोगों के लिए मुसीबत

### आने-जाने में हो रही परेशानी

पुल के दोनों ओर मिट्टी बिछाने से बारिश के बाद कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। पूरी सड़क पर फिसलन हो गया है। दलदल जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। इस मार्ग पर अब लोगों को चलने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। कीचड़ में लोगों के फिसलने का डर बना रहता है। कई बार इस जगह पर दुर्घटना भी हो चुकी है। लोग घायल हो चुके हैं। बड़े वाहन चलने से सड़क पर कीचड़ और भी चारों फैल चुका है, जिससे खतरा भी बढ़ गया है। जल्दी ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### पुल के नीचे गिरने का खतरा

बारिश के कारण पुल के किनारे डाली गई मिट्टी बह चुकी है। इसके कारण वहां पर गड्ढे जैसा बन गया है, जिसमें आने जाने वालों को फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। इस परेशानी को लेकर ग्रामीण कई बार ठेकेदार से बात कर चुके हैं, लेकिन उनकी ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। ग्रामीण खतरा मोल लेकर पुल पार कर रहे हैं।

## वर्षों से चलने में असमर्थ मरीज को मिला नया जीवन



मरीज के साथ चिकित्साकर्मी।

**मुंगेली।** एक गंभीर दुर्घटना के बाद दो वर्षों से चलने में असमर्थ मरीज को जिला चिकित्सालय मुंगेली में एक्यूपंक्चर और फिजियोथेरेपी के माध्यम से नया जीवन मिला है। यह उपचार मुंगेली जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

अतिश दास उम्र 50 वर्ष निवासी बुढ़ार जिला शहडोल मध्यप्रदेश दो वर्ष पूर्व घर में काम करते समय छत से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सिर में गहरी चोट लगने के बाद वे बिस्तर पर ही थे और चलने-फिरने में असमर्थ थे। बहुत जगह इलाज कराने के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिली। 5 जून को उनके भाई अरविंद दास निवासी कबीर वार्ड मुंगेली उन्हें जिला चिकित्सालय मुंगेली लेकर आएं, जहां पदस्थ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ उत्कर्ष पाठक द्वारा लगभग 15-20 दिन तक लगातार फिजियोथेरेपी और एक्यूपंक्चर थेरेपी दी गई। उपचार के परिणामस्वरूप अतिश दास अब पूरी तरह से चलने-फिरने में सक्षम हो गए। मरीज ने बताया कि उसने उम्मीद छोड़ दी थी कि वह दोबारा चल सकेगा, लेकिन जिला अस्पताल मुंगेली की निशुल्क और समर्पित चिकित्सा सेवा ने न केवल उन्हें नया जीवन दिया, बल्कि उन्हें लाखों रुपए के खर्च से भी बचा लिया। इस सफलता पर सिविल सर्जन डॉ एमके राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मुंगेली जिला अस्पताल में पहली बार एक्यूपंक्चर थेरेपी के माध्यम से सफल इलाज किया गया है। यह चिकित्सा विधि वर्तमान में जिले के किसी भी निजी संस्थान में उपलब्ध नहीं है।

■ मुंगेली जिला अस्पताल के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि

### कन्या शाला में पोस्टर प्रतियोगिता



**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियागिता में छात्राओं ने पर्यावरण को संरक्षित करने पानी बचाने तथा प्रदूषण मुक्त भारत बनाने का संदेश दिया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में हमारी सबसे बड़ी चुनौती है कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से कैसे बचाएं। आयोजक दिलीप तोलानी ने कहा कि विद्यालय के माध्यम से हम समाज को संदेश रहे हैं कि हम सभी का दायित्व है कि प्रदूषण मुक्त भारत बनाए और इसमें हम अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर बलीराम सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, जेडी कुजूर, गिरधारी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, मिनाक्षी शर्मा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिंहा, विद्या मिश्रा, अंकित विश्वकर्मा, सलीम बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### घोरामार में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण



**तखतपुर।** ग्राम घोरामार में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत प्राप्त होने पर तहसीलदार पंकज सिंह ने हल्का पटवारी ग्राम घोरामार से शासकीय भूमि पर बेजा कब्जे की जांच कराई, जिसमें भूमि पर 10 लोगों के द्वारा अतिक्रमण करने की पुष्टि की गई। इस पर सभी 10 लोगों के विरूद्ध न्यायालय में अतिक्रमण के प्रकरण दर्ज कर उनसे जवाब लिया गया। जवाब प्राप्त करने के उपरांत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप सिद्ध होने पर उनके विरूद्ध अतिक्रमणित शासकीय भूमि से बेदखल किएए जाने का आदेश पारित किया गया। पारित आदेश के कियान्वयन करते हुए 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से ही शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। तखतपुर तहसीलदार पंकज सिंह ने ग्राम में फिर से बेजा कब्जा नहीं करने हेतु ग्रामवासियों को समझाइश दी।

### जूनापानी प्रायमरी स्कूल में पौधरोपण



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जूनापानी में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम एजेंसी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों, पालकों के साथ साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोरमी मनीषा पाटले ने भी कार्यक्रम उपस्थित होकर पौधा लगाया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी रीजनल बिलासपुर के निखिलेश दिगर्से, जेवियर इक्का, ठाकुर लेखराज सिंह, गोपाल साहू के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में शैक्षिक समन्वयक रमन शर्मा, दिलीप साहू, मोहित साहू, पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो के सदस्य अशोक साहू, राकेश सेन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष साहू , शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह राजपूत सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोईया आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था प्रमुख भारतलाल साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### नपं बिल्हा में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई



**बिल्हा।** नगर पंचायत बिल्हा में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिचरी बाजार में लगे चाट-गुपचुप के ठेले, फल दुकान, अंडा दुकान एवं रोड में फैली सब्जी की दुकानों को हटाया गया। ज्ञात हो कि बिल्हा में व्यवहार न्यायालय अपने नवीन भवन में स्थानांतरित होने जा रहा है, जिसकी पूर्व तैयारी एवं ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने बताया की इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी होती रहेगी। साथ ही उन्होंने नगर में स्वच्छता के लिए जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की। कार्रवाई के दौरान प्रवीण सिंह गहलोत मुख्य नपं अधिकारी, विनीता शर्मा नायब तहसीलदार एवं बिल्हा पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद रही।

## आरके स्कूल एवं थाने में पुनः हरियाली टीम ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तखतपुर



पुनः हरियाली टीम बिलासपुर की ओर से तखतपुर में वृहद पौधरोपण का आयोजन किया, जिसके तहत आरके पब्लिक स्कूल बरेला एवं पुलिस थाना तखतपुर में पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान दस फीट लंबे पेड़ों का रोपण कर उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई। आर के पब्लिक स्कूल बरेला के डायरेक्टर रविंद्र तिवारी, प्राचार्य शारदा गुप्ता एवं सुमित कौर के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर उपस्थित छात्रों को पुनः हरियाली के संयोजक प्रकाश सोंथालिया ने पर्यावरण एवं वृक्षों का महत्व बताया व इसके संरक्षण की शपथ दिलाई। वहीं पुलिस थाना तखतपुर में थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में नीम, कदम, बादाम, करंज, कोनाकार्पस आदि के पेड़ लगाए गए। शहर में हरियाली लाने के लिए थाना प्रभारी ने टीम पुनः हरियाली का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि पुनः हरियाली टीम पिछले दस वर्षों से शुद्ध हवा, शुद्ध जल, शुद्ध भोजन पर काम कर रही है और इसके द्वारा बिलासपुर नगर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में लगभग तीस हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। साथ ही टीम ऑर्गेनिक खेती को भी प्रमोट करती है एवं जल संरक्षण हेतु रैन वाटर हार्वेस्टिंग का प्रचार भी कर रही है। कार्यक्रम में आरके पब्लिक स्कूल बरेला से रविंद्र तिवारी, प्राचार्य शारदा गुप्ता, सुमित कौर, अभिषेक तिवारी सहित परवेज भारमल, भरत कश्यप, हिमांशु कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सेंट्रल लाइब्रेरी सहित अन्य कार्यों के लिए 40 करोड़ स्वीकृत

**लोरमी।** स्थानीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल लाइब्रेरी और विभिन्न निर्माण कार्य के लिए राज्य बजट से 40 करोड़ 72 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य के लिए 30 करोड़ और नगर में सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन 250 सीटर के लिए 10 करोड़ 72 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कि अधोसंरचना विकास कार्य के तहत 30 करोड़ की लागत से नगर में विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसमें खेल परिसर (आउटडोर इंदौर स्टेडियम जिम व अन्य), वार्ड 8 गांधीडीह और वार्ड 17 तुलसाघाट दोनों जगह तालाब सौंदर्यीकरण, नगर के विभिन्न सड़कों में स्ट्रीट लाइट, विभिन्न वार्ड में पेवर ब्लॉक से फुटपाथ निर्माण, प्रसिद्ध शिवघाट मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, मेला ग्राउंड में बाउंड्रीवाल, वार्ड 12 में कोतरी नाला और नर्मदा कुंड सौंदर्यीकरण, बस स्टैंड उन्नयन कार्य, वार्ड 9 अटल परिसर के पास चौपाटी निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने समस्त नगरवासियों की ओर से विकास कार्य की स्वीकृति के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## नव जागृति स्कूल में विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तखतपुर

नव जागृति स्कूल तखतपुर में तखतपुर विकासखंड स्तरीय बालक-बालिका शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों जैसे तखतपुर, बेलपान, सकरी, छुटकू भरनी और द्रोणा स्कूल नव जागृति स्कूल के 120 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के बैरागी, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक महेश शर्मा, विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी अजय त्रिपाठी, अनिल सिंह, अनीश कौशिक, परमेश्वर कुर्रे, दुर्गेश धुरी, सीता मैडम, पिंकू राम शर्मा, देवेश गौतम व संस्कार कश्यप उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन समित सैमुएल, दुर्गेश धुरी व संस्कार कश्यप ने किया। इस शतरंज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में शतरंज के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और राज्य स्तर, नेशनल स्तर पर उनकी मानसिक क्षमता को विकसित करना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया और एक दूसरे से सीखने का सुनहरा अवसर प्राप्त किया।

### वाहन से 101 पाव देसी शराब जब्त, गिरफ्तार



**लोरमी।** आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम बोधापारा मुख्य मार्ग पर एक युवक के वाहन से 101 पाव देशी अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किया है। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर साय के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को आबकारी उप निरीक्षक अमित शाह ने मुखबिर की सूचना आधार पर मुख्य मार्ग बोधापारा चौक पर आरोपी सुरेश सिंह राजपूत के वाहन की विधिवत तलाशी ली, जिसमें 101 नग पाव कुल 18.18 लीटर देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। आरोपी के ऊपर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## बच्चों को दी गई अपराध से बचाव की जानकारी

# आत्मानंद स्कूल में साइबर अपराध एवं यातायात जागरूकता सेमिनार

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में 'पहल' कार्यक्रम के तहत साइबर अपराध एवं यातायात जागरूकता विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गिरिजा शंकर यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जागरूकता टीम में यातायात प्रभारी एएसआई यशवंत ठाकुर, साइबर सेल से एएसआई शत्रुहन खुंटे एवं एएसआई बबीता श्रीवास, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रकाश साहू तथा आरक्षक विकास सिंह कोतवाली उपस्थित रहे।



यातायात जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी।

थाना प्रभारी श्री यादव ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों तथा पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले असर की विस्तृत जानकारी दी। यातायात प्रभारी एएसआई यशवंत ठाकुर ने सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, नाबालिगों के वाहन चलाने के दुष्परिणाम एवं ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले दंड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एएसआई बबीता श्रीवास ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा महिला उत्पीड़न की स्थिति में क्या करना चाहिए इस पर मार्गदर्शन दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली से प्रकाश साहू ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं की ओर ध्यान आकर्शित करते हुए विद्यार्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सावधानी बरतने की सलाह दी। सिटी कोतवाली से आरक्षक विकास सिंह ने भी विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया।

प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने ने कहा कहा कि जागरूकता ही बचाव का उपाय है एवं नशा विनाश का कारण बनता है। उन्होंने बच्चों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और पुलिस विभाग से आए समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। सेमिनार में हायर सेकेंडरी वर्ग के करीब 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में विद्यालय के स्मार्ट रूम प्रभारी राहुल वर्मा एवं व्याख्याता सांत्वना दत्ता का विशेष सहयोग रहा।

## जिपं सीईओ ने आवासों की प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश



बैठक लेते सीईओ जिला पंचायत।

**मुंगेली।** जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में प्रगतिरत एवं अप्रारंभ आवासों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ, आरईएस के एसडीओ एवं सब इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अप्रारंभ एवं प्रगतिरत आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। जिला पंचायत सीईओ ने कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने, गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि हितग्राहियों को समय पर जानकारी और सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि योजना का लाभ उन्हें पूर्ण रूप से मिल सके।